

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

Shubh Navratri

सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर 100% पैसा वापसी



*शर्तें लागू

100% Buyback with Money Return on Polki Value

only at

ANAND®

Polki

Indore | Bhopal | Raipur

खबर संक्षेप

बिजली समस्या को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

सड़क अतरिया। मानसून की विदाई के बाद अब बारिश होने के आसार अब काफी कम है। खरीफ फसल को वर्तमान में सिंचाई की आवश्यकता है पर ग्रामीण क्षेत्र में अनियमित बिजली आपूर्ति से कृषक फसलों



में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। गंडई सब स्टेशन का ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद किसानों को हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को पूर्व विधायक गिरवर जंघेल एवं किसानों ने कार्यपालन अभियंता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण किसानों को जरूरत के समय पर बिजली नहीं मिल रही है, जिससे उनकी फसल प्रभावित हो रही है। श्री जंघेल ने किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए गंडई सबस्टेशन में तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाने तथा विद्युत आपूर्ति सुचारु करने की मांग की।

राशि मिलने से महिलाओं में हर्ष

सड़क अतरिया। राज्य सरकार ने महतारी वंदन की 32 वीं किस्त महिलाओं के खाते में गुरूवार को जमा कर दिया है। योजना की राशि जमा होने पर महिला बाल विकास विभाग की सभापति ज्योति जंघेल ने साय सरकार का आभार जताते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व शुरू होने से पहले योजना की राशि महिलाओं के खाते में जमा कर नारी शक्ति का सम्मान किया है। भाजपा सरकार अपने वादे के मुताबिक हर माह महिलाओं के खाते में योजना की राशि जमा कर शक्ति की वंदना कर रही हैं। लगातार राशि जमा कर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। योजना की राशि पाकर महिलाओं में हर्ष का माहौल है।



बच्चों ने दी जस गीतों की प्रस्तुति

जेवरतला रोड। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरी बन नवागाँव में नवरात्रि आगमन से पूर्व बच्चों ने जस गीत का भक्तिमय आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पारंपरिक जस गीतों की



मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों ने मां दुर्गा की आराधना करते हुए अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में प्रधान पाठक, शिक्षिक, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

बंजारी मंदिर में कलश स्थापना आज

एलबी नगर। खैरझिटी तिलई के पदाधिकारियो एवं सदस्यो की बैठक गत दिनों आयोजित की गई। बैठक में कल 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे क्वांर नवरात्रि पर्व को लेकर विचार किया गया। नवरात्र के मौके पर माँ बंजारी मंदिर मे मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किया जाएगा। बैठक में धूमधाम से नवरात्रि पर्व मनाने की योजना बनी। इस दौरान घनश्याम साहू, सालिक देवांगन, केशव देवांगन, धनीराम यादव, सरपंच नेमू वर्मा,गणेश सिन्हा, शेखर सिन्हा, रामकुमार साहू, तोरण सिन्हा, भूपेंद्र देवांगन, मोनू साहू, मनसुख यादव, छन्नू साहू, झनक सिन्हा, पुजारी प्रकाश उपस्थित थे।

कांग्रेस ने किया पुतला दहन



डोंगरगढ़। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष पंचराम चंदेल, सुरेश सिन्हा, लाल वर्मा, गुलशन लिल्हारे, दयाल साहू, रंजीत भारती, दयालु वर्मा, मोरध्वज वर्मा, सुखराम वर्मा, माधवराव वर्मा, मनोज वर्मा, किशोर रामटेक, मदन पटेल, जगन्नाथ वर्मा, फेरहा वर्मा, जितेन वर्मा, चंद्रभूषण वर्मा, धर्मेंद्र मांडवी, नोहर वर्मा, रोशन वर्मा, तरुण वर्मा, चेतन वर्मा, ईश्वर साहू, हेमा वर्मा, टामन दास भारती, संतोष सिन्हा, ओम कुमार वर्मा, सुनील कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

जयंती समारोह का रंगारंग शुभारंभ

डोंगरगढ़। अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का उदघाटन गुरूवार को हुआ। स्थानीय मारवाडी धर्मशाला में माता लक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना किया गया। मुख्य अतिथि प्रकाश मांगीलाल अग्रवाल, पुनम रामप्रसाद कगालीवाल थे। कल 11 अक्टुबर को मनाए जाने वाली जयंती के पूर्व 3 दिन तक होने वाले विभिन्न आयोजनों की शुरूवात की गई। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने सामाजिकजनों को जयंती की बधाई देते हुए समाज उत्थान करने के साथ एक रूपया एक ईंट की सीख के साथ जन कल्याण के मार्ग में चलने का आव्हान किया। इस मौके पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनरायण अग्रवाल, रितेश पचेरीवाला, बिरेन्द्र अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, कन्हैया लाल अग्रवाल सहित अन्य ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रकाश नरेड़ी, राजेश भूत, गणेश नरेडी, मधु नरेडी, अतिश नरेडी, चेतन अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, शुभम अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

सौर ऊर्जा के उपयोग पर जोर

साल्हेवारा। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लखपति दीदी फूलबासन बाई शामिल हुई। उन्होंने विभिन्न महिला स्व-सहायता समूहों से जुड़ी



दीदियों को संबोधित करते हुए आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार और आधुनिक तकनीक के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समूह केवल बचत तक सीमित न रहकर आर्थिक गतिविधियों और स्वरोजगार से मजबूत माध्यम बन सकते हैं। महिलाओं को संगठित होकर नियमित बचत, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग तथा नए रोजगार एवं व्यवसाय के अवसरों को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से सौर ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सौर ऊर्जा स्वच्छ, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्रोत है। ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग बिजली की उपलब्धता के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

क्वांर नवरात्र पर्व आज से, होंगे विविध धार्मिक अनुष्ठान

मां बम्लेश्वरी का दरबार आज रौशन होगा ज्योति कलशों से

समितियां स्थापित करेंगी प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी का दरबार कल 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले नवरात्रि पर्व को लेकर सज गया है। नवरात्र के दौरान देवी दर्शन के लिए आने वाले दर्शनार्थियों को सुविधा मुहैया कराने प्रशासन ने तैयारी पूर्ण कर ली है। इस बार माता बम्लेश्वरी के दरबार में लगभग 5 लाख की लागत से 150 किलो वजन का शेर आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

जानकारी के अनुसार मां बम्लेश्वरी के उपर मंदिर में लगभग 6 हजार और नीचे मंदिर में लगभग 9 सौ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। विभिन्न राज्यों सहित कनाडा, कैलिफोर्निया, यूके, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका के भक्त भी ज्योति कलश की स्थापना कराएंगे। कल 11 अक्टूबर को पुरानी परंपरा के अनुरूप छिन मस्ता, काल भैरव के आहवान के साथ नगर के प्रमुख देवी देवताओं की पूजा अर्चना के साथ नवरात्र का शुभारंभ होगा।

होंगे विभिन्न अनुष्ठान

नवरात्र के दौरान होने वाले अनुष्ठान को लेकर आचार्य राजकुमार और युवराज महाराज ने बताया कि बाहर से आए सैकडो आचार्य पंडित अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। ज्योति कलशों की स्थापना के साथ सात दिन तक चलने वाले सप्त सती पाठ की शुरूवात होगी। आगामी 15 अक्टूबर को पंचमी अभिषेक, 17 अक्टूबर को उपर मंदिर में काल रात्रि अभिषेक, 19 अक्टूबर को प्रातः उपर मंदिर में अष्टमी हवन, नीचे मंदिर में शाम 7 बजे अभिषेक होगा। आगामी 20 अक्टूबर नवमीं को नीचे मंदिर से मनोकामना ज्योति कलशों की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।





फूलों से सजेगा माता का दरबार

नौ दिन चलने वाले पर्व के दौरान माता के दरबार और गर्भगृह की सजावट कलकत्ता के कारीगरों द्वारा फूलों से सजाया जाएगा। माता के दरबार में आकर्शक रंग बिरंगी लाईटे की साज सज्जा बिलासपुर एवं डोंगरगांव के कारीगरों द्वारा की गई है। इस दौरान महाराष्ट्र के शहनाई वादक भी मनमोहक धुन और ताल के साथ प्रस्तुति देंगे।

सुरक्षा के इंतजाम

नवरात्र के दौरान आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए लगभग 12 सौ पुलिस बल की तैनाती की गई है। इधर मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने दर्शनार्थियों की संख्या को ध्यान में रख कर उपर मंदिर छिरपानी बेरीगेट मार्ग का चौडीकरण करने के अलावा आवास के लिए कमरो की व्यवस्था की की है। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि दर्शनार्थियों की बेहतर सुविधा के लिए हर तैयारी की गई है।

क्वांर नवरात्रि का पर्व आज से

सड़क अतरिया। कल रविवार से शक्ति की भक्ति का पर्व क्वांर नवरात्रि शुरू हो रहा है। पर्व को लेकर देवी मंदिरों एवं सेवा समितियों की तैयारी पूरी हो गई है। रविवार की दोपहर से प्रतिमा स्थापना करने की शुरूवात हो जाएगी। वहीं मंदिरों में गोधुली बेला में विधि विधान के साथ घट स्थापना किया जाएगा। श्रद्धालु अगामी नौ दिनों तक शक्ति के भक्त मां की अराधना एवं भजन कीर्तन में लीन रहेंगे। समितियों ने प्रतिमा स्थल को आकर्षक तरीके से सजाया है। नर्मदा, सिद्ध बाबा, अन्नपूर्णा, बंजारी, दुर्गा, शीतला मंदिरों में उमड़ने वाली भीड़ को व्यवस्थित करने एवं सुविधा मुहैया कराने की व्यवस्था बनाया गया। बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाले भक्तों के ठहरने एवं जलपान की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।



आंधी और बारिश से हरूना फसल तबाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

बारिश और आंधी से दर्जन भर से अधिक गांव के खेतों में लगी हरूना धान की फसल चौपट हो गई है। प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव कामदेव जंघेल ने सरकार से किसानों को आर्थिक सहायता देने की मांग किया है।

श्री जंघेल ने कहा कि अल्प और खंड वर्षा की समस्या से जूझते हुए किसानों ने जैसे तैसे धान की फसल को तैयार किया था। बुधवार को चली तेज आंधी और बारिश से सैकड़ों हेक्टेयर पर खड़ी हरूना धान की फसल गिर गई है।

क्षेत्र के जीराटोला, मानपुर, खैरबना, गुमानपुर, खैरा नवापारा, घिरघोली, अतरिया, संड़ी, कुकुरमुडा, भर्दा, विचारपुर, पंडरिया, ओटेबंद, जंगलपुर, बुंदेली, मैनहर, मुरई, पुरैना, डोढिया, साखा सहित अन्य गांव में हरूना धान जिनकी बालियां निकल गई थी उसे तेज रफ्तार आंधी ने जमकर नुकसान पहुंचाया है। कुछ गांव में सरना किस्म की धान भी अधपके स्थिति में गिरने की खबर है। खेतों की वर्तमान स्थिति को देखकर किसानों की चिंता बढ़ गई हैं। अब उन्हें फसल बोआई के लिए लिए गए कर्ज को चुकाने की चिंता सताने लगी है। किसानों को आर्थिक सहायता मिलती है तो उन्हें काफी राहत मिलेगी। उन्होंने फसल नुकसान का सर्वे कर बीमा का लाभ दिलाने की मांग किया है।

कराते खिलाड़ियों ने किया कमाल



राजनांदगांव। महिला महाविद्यालय सेक्टर-09 भिलाई में 2 से 4 अक्टूबर तक 1 इन्डो-नेपाल ओपन कराटे चैम्पियनशिप में कमल कराटे एकादमी राजनांदगांव के चार खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर 6 मेडल हासिल किया। जिनमें प्रथम लव्यांस लहरी ने काता में गोल्ड व कुमिते (फाइट) में गोल्ड हासिल किया। इसी तरह अंशिका वैष्णव ने काता में सिल्वर व कुमिते में सिल्वर मेडल, केटरियल दान ने काता एवं कुमिते में एक-एक ब्रॉउन्स मेड़ल तथा आकृति वैष्णव ने काता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। उपरोक्त सभी खिलाड़ी कराते स्कूल तुलसीपुर के प्रशिक्षक सेंसेई कमल पूजन द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

निकाय कर्मी रहे हड़ताल पर, व्यवस्था पटरी से उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत के अधिकारी 18 सूत्रीय मांगो को लेकर एक दिवसीय हडताल पर रहे। प्रांतीय आहवान पर अधिकारी कर्मचारियों के हडताल पर रहने से निकाय की व्यवस्था एक ही दिन में पटरी से उतर गई। पानी, प्रकाश, सफाई सहित कार्यालय व्यवस्था प्रभावित होने से नागरिकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

- सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था प्रभावित, नागरिक परेशान

अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के आहवान पर नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी शुक्रवार को हछताल पर रहे। अपनी 18 सूत्रीय मांगो को लेकर आंदोलित अधिकारी कर्मचारी हड़ताल में शामिल होने के लिए रायपुर गए। रेगुलर कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से नगर की पेयजल, सफाई व जल व्यवस्था प्रभावित हुई।वहीं नगर पंचायत कार्यालय में राजस्व, लेखा, निर्माण, समाज कल्याण षाखा एवं आवक जावक आदि कार्य बाधित हुए। निकाय में कार्य लेकर पहुंची पार्षद ईश्वरी ध्रुवे, उषा यादव, उमाशंकर निषाद ने बताया कि हडताल से उनके भी कार्य नहीं हुए। पार्षद दिलीप कुंभकार ने बताया कि हडताल के चलते वार्ड 4 में पाईप लाईन मरम्मत कार्य नहीं हो पाया जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही।



प्लेसमेंट कर्मियों ने संभाला फील्ड वर्क

कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के बाद जल, सफाई, निर्माण शाखा के कार्य प्लेसमेंट कर्मचारियो के कंधो में रहा। जल विभाग के मरम्मत संधारण का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। प्लेसमेंट कर्मचारियों को कान्हे, मेरेगांव, बस स्टैन्ड में पानी टंकी में पेयजल आपूर्ति के लिए लगाया गया। इसी तरह स्पाट सोर्स योजना के माध्यम से सीधे पेयजल आपूर्ति कार्यो में भी प्लेसमेंट कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई।

दो दर्जन कर्मचारी गए राजधानी

नगर पंचायत के दो दर्जन से अधिक रेगुलर कर्मचारी आंदोलन में शामिल होने राजधानी रायपुर गए। निकाय के अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रमुख तिलक यादव, योगेश्वरसिंह ठाकुर, श्यामा यादव, सोफू जिलानी, रामकुमार देवागन, हेमंत अमिला, जीवन पटेल, रामसाय पटेल, निजाम साय, मकबूल खान, रघुवेन्द्र खरे, कंचन लकडा, कृष्णा पटेल, दीपक सलामे, लोकेश सलामे, विनेद धलेन्द्र आदि हड़ताल में शामिल हुए।

बैठक में त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम की समीक्षा

शिक्षकों के प्रयास से सुधरेगा परिणाम : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिले में आयोजित त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम सभी संस्थाओं में 6 अक्टूबर को बाकायदा मेगा पीटीएम आयोजित कर किया गया। परिणाम की समीक्षा हेतु प्राचार्यों की बैठक कलेक्टर डॉक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी उपेंद्र देवाँगन ने नवाचार करते हुए जिला स्तर की प्रवीण्य सूची जारी करते हुए कक्षा 9वीं से 12वीं तक के प्रत्येक कक्षा की टॉप टेन विद्यार्थियों को ससम्मान आमंत्रित किया। इस बैठक में चयनित उत्कृष्ट प्राचार्यों एवं प्रधान पाठकों को कलेक्टर श्री चंद्रावल ने शाल और श्रीफल से सम्मानित किया।

बैठक में सहायक संचालक मनोहर सिंह चंदेल, समग्र शिक्षा नोडल आत्माराम साहू, बीईओ नीलमसिंह राजपूत, प्रशांत चिर्वतकर, एबीईओ गिरेंद्र सुधाकर, अमरिका देवाँगन, किशोरीलाल अमेला, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, दुष्यंत शर्मा, प्रयागसिंह, कौशल सिंह राजपूत आदि शामिल हुए।

छात्रा को बनाया अतिथि

चारों कक्षाओं के टॉप टेन में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली कक्षा दसवीं की छात्रा त्रिवेणी टोलागांव को मुख्य अतिथि बनाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी स्वयं श्री देवाँगन और प्राचार्य श्री चावड़ा ने पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। छात्रा त्रिवेणी ने दीप प्रज्जवलित कर बैठक का शुभारंभ किया।



विद्यार्थियों से रूबरू चर्चा

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रावल ने परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों एवं प्राचार्य से संवाद किया। उन्होंने मरकाटोला और प्रकाशपुर की अनीशा कुर्रे, राखी देवाँगन एवं कौशील निर्मलकर से विद्यालय की तीन विशेषताओं के बारे में पूछा। छात्राओं ने सहजता से अपने विचार साझा किए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के तरीके, नियमित अध्ययन और समय प्रबंधन पर चर्चा की। अंत में जिला शिक्षा अधिकारी उपेंद्र देवांगन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कुशाल सिंह धुर्वे ने किया।

टोलागांव की कुमकुम सबसे आगे

त्रैमासिक परीक्षा की प्रावीण्य सूची अंतर्गत कक्षा नवमीं में टोलागांव की कुमकुम साहू ने 92.60 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रही। इसी प्रकार दसवीं की त्रिवेणी वर्मा 95.60 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में सर्वोच्च स्थान पर रही । इस दौरान कक्षा शिक्षिका आरोधना देवी वर्मा को भी धन्यवाद दिया गया। कक्षा 11वीं में बढ़ईटोला की खुशबू 85.6 फीसदी अंक के साथ प्रावीण्य सूची में प्रथम रहीं। कक्षा 12वीं में चिचोला की हसीना वर्मा ने 91.20 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया।

आयुष चिकित्सा व औषधि वितरण शिविर आयोजित

राजनांदगांव। 11वां आयुर्वेद दिवस पर शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद थीम पर निःशुल्क आयुष चिकित्सा एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि पूरी दुनिया में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी एवं योगा की व्यापक मान्यता है। आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से सभी प्रकार के बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में केवल इलाज प्रक्रिया नहीं है, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति बीमार नहीं हो इसकी व्यवस्था है। जिसमें दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं प्राणायाम शामिल है। आयुष चिकित्सा पद्धति के तहत शत-प्रतिशत गारंटी के साथ बिना किसी रियेक्शन एवं एलर्जी के इलाज की व्यवस्था होती है। आयुष दिवस के अवसर आयोजित आयुष चिकित्सा एवं औषधि वितरण शिविर में 275 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र परीक्षण, रक्त परीक्षण, अर्श, भगंदर एवं अन्य रोगों का परीक्षण कर चिकित्सा एवं निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। इस अवसर पर काढा वितरण भी किया गया।

शीतला मंदिर का लोकार्पण आज



पटेवा। सलोनी में नवनिर्मित शीतला मंदिर का लोकार्पण, मनोकामना ज्योति कलश स्थापना एवं सामुदायिक भवन भूमिपूजन का आयोजन कल 11अक्टूबर को किया जाएगा। समारोह की मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा होंगी। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य सुश्री शताक्षी देवव्रत सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में खेमराज जैन, सौरभ साहू, पुराणिक वर्मा, भूषण वर्मा उपस्थित रहेंगे। शाम 4बजे शीतला माता मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया जाएगा। मुख्य आतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह होंगे। अध्यक्षता राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रुप में लखनलाल साहू, घम्मन साहू, खेमराज जैन, सौरभ साहू, पुराणिक वर्मा, प्रताप वर्मा, परसराम वर्मा, अमीषा वर्मा, नीलकुमार वर्मा, मंथीर वर्मा, चित्रसेन यादव उपस्थित रहेंगे।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा |

आज से होगी मां शक्ति की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां शक्ति की आराधना का महापर्व क्वांर नवरात्र कल 11 अक्टूबर से प्रारंभ हो जाएगा। नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों में तैयारी अंतिम चरण में है। शहर की देवी मंदिरों में भी नवरात्रि पर्व की तैयारी श्रद्धा-भक्ति के साथ जोर-शोर से की जा रही है। यहां मंदिर को आकर्षक लाइटों से सुसज्जित किया जा रहा है। वहीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने भी तैयारी लगभग पूरी हो गई है।

आस्था और भक्ति का पर्व शारदीय नवरात्र के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मनोकामना ज्योति कलश स्थापित करने वाले श्रद्धालुओं की सैकड़ों संख्या को देखते हुए घी और तेल की ज्योत के लिए व्यवस्था की गई है। इधर नवरात्र पर्व को लेकर बाजार में चहल-पहल भी बढ़ गई है। पूजा सामग्रियों सहित विविध खरीददारी में लोग जुटे रहे।

देवी प्रतिमाओं को लाने का सिलसिला जारी



शहर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को पंडालों तक लाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। मूर्तिकार प्रतिमाओं को पूर्ण रूप दे चुके हैं। वहीं समितियों के सदस्य प्रतिमाओं को लाकर विधि-विधान से स्थापना की तैयारी कर चुके हैं। प्रतिमा स्थापना के साथ ही पंडालों में धार्मिक आयोजन शुरू हो जाएंगे। पूजा पंडालों में विगत दो दिनों से देवी मां की प्रतिमाओं को लाना प्रारंभ कर दिया गया है। नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाएगी। घरों में भी श्रद्धालु ज्योति प्रज्जवलित कर उपवास और पूजा-अर्चना करेंगे। पितृपक्ष के समापन के बाद शुरू होने वाला यह पर्व शहर में भक्ति, आस्था और उत्सव का माहौल लेकर आएगा। अब श्रद्धालुओं को नवरात्र के शुभारंभ और मां दुर्गा के दर्शन का इंतजार है।
















नवरात्रिः 1100 जवान संभालेंगे सुरक्षा, शहर में भारी वाहनों की नो-एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं सुव्यवस्थित दर्शन सुनिश्चित करने के लिए राजनांदगांव पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंध किए गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अजय यादव के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिलेभर में व्यापक स्तर पर पुलिस बल की तैनाती की जा रही है।

नवरात्रि पर्व के दौरान 30 राजपत्रित अधिकारी, 50 निरीक्षक स्तर के अधिकारी तथा 1100 से अधिक अन्य पुलिस अधिकारी एवं जवानों सहित कुल 1100 से अधिक पुलिस बल श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तैनात रहेगा। संपूर्ण छत्तीसगढ़ पुलिस का बल उत्साह, उमंग एवं सेवाभाव के साथ नवरात्रि ड्यूटी के लिए तैयार हैं। मां बम्लेश्वरी ऊपर मंदिर, नीचे मंदिर, मेला क्षेत्र, दर्शन मार्ग, रेलवे स्टेशन एवं प्रमुख आवागमन मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने, आवागमन सुचारू बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने पुलिस की अलग-अलग टीमें सक्रिय रहेंगी। अपराध नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों पर निगरानी के लिए क्राइम टीम तैनात रहेगी। रेलवे स्टेशन, प्रमुख प्रवेश मार्गों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। पुलिस अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सहायता एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।



क्षीरपानी से वापसी

गुरुद्वारा एवं क्षीरपानी पार्किंग स्थल से वापस आने वाले दर्शनार्थी मुरमुंदा पहुंचकर उरईडबरी मार्ग से राष्ट्रीय राजमार्ग पर निकलेंगे। रायपुर की ओर जाने वाले दर्शनार्थी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बांयी ओर तथा नागपुर की ओर जाने वाले दर्शनार्थी दांयी ओर के मार्ग का उपयोग करेंगे।

रहेगी यातायात की व्यवस्था

पुलिस के अनुसार नवरात्रि पर्व के दौरान राजनांदगांव शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। वाहन चालक निर्धारित डायवर्सन मार्गों का उपयोग करेंगे। जिसमें दुर्ग, धमतरी एवं बालोद की ओर से आने वाले वाहन चालक भारी यातायात से बचने के लिए गुंडरदेही से अर्जुन्दा, सुरगी एवं हल्दी होते हुए राजनांदगांव बायपास मार्ग , बालोद की ओर से आने वाले भारी वाहनों को मोहारा बायपास, खैरागढ़ की ओर से आने वाले भारी वाहनों को गठुला तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-53 से गुजरने वाले भारी वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर एवं सीआईटी बायपास की ओर डायवर्ट किया जाएगा। इसी तरह रायपुर की ओर से खैरागढ़ जाने वाले भारी वाहन रसमड़ा से गनियारी एवं नगपुरा होते हुए खैरागढ़ मार्ग का उपयोग करेंगे। चिचोला से लालबहादुर नगर (एलबी नगर) होते हुए डोंगरगढ़ की ओर जाने वाले सभी भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

पार्किंग स्थल पर सीसीटीवी एवं प्रकाश व्यवस्था : डोंगरगढ़ के पार्किंग स्थल पर सीसीटीवी कैमरों एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की व्यवस्था की गई है। डोंगरगढ़ आने वाले प्रमुख मार्गों पर विशेष यातायात प्रबंधन किया गया है। जिसमें प्रमुख मार्ग अंजोरा बायपास से डोंगरगढ़ मार्ग, तुमड़ीबोड़ से डोंगरगढ़ मार्ग, चिचोला, बिराटलाब, खैरागढ़ मार्ग। इन मार्गों पर यातायात का सुचारू संचालन, आवश्यकतानुसार डायवर्सन, वाहनों की आवाजाही का नियमन तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा।

चौथना में मां-बेटे की हत्या बेटी घायल, संदेही से पूछताछ

पारिवारिक रंजिश की आशंका, रिश्तेदार की भूमिका पर संदेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौथना में हुई सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। एक ही परिवार के दो सदस्यों की हत्या और बेटी पर जानलेवा हमले की घटना ने ग्रामीणों को स्तब्ध कर दिया है। वारदात में कमला सोनकर और उनके बेटे की मौत हो गई। जबकि बेटी ममता सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गांव में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। इस मामले में पुलिस ने भी एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार परिवारिक सदस्य को ही संदेही माना जा रहा है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उक्त घटना ग्राम चौथना में घटित हुई। घर में जब मां, बेटे और बेटी पर हमला हुआ, उस दौरान परिवार का मुखिया घर से बाहर था। वारदात में कमला सोनकर और उनके बेटे की मौत हो गई। वहीं बेटी ममता सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे रायपुर रिफर किया गया, जहां उपचार जारी है।



साक्ष्यों की पड़ताल जारी

घटना की सूचना मिलते ही डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस वारदात से जुड़े साक्ष्यों को जुटाने के साथ ही घटना की परिस्थितियों और संभावित कारणों की पड़ताल कर रही है। परिवार से जुड़े लोगों और अन्य संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ के जरिये घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

संदेही रिश्तेदार हिरासत में

इस वारदात के पीछे पारिवारिक विवाद या पुरानी रंजिश होने की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में परिवार के एक रिश्तेदार की भूमिका को लेकर भी संदेह सामने आया है, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ भी जारी है। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों और संदिग्ध की भूमिका को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। ऐसे में जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वारदात के पीछे क्या वजह थी और इसमें कौन-कौन शामिल है।

गांव में दहशत, पुलिस जांच पर टिकी नजरें

एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत और युवती के गंभीर रूप से घायल होने की घटना से ग्राम चौथना में शोक और दहशत का माहौल है। ग्रामीण इस जघन्य वारदात की वास्तविक वजह सामने आने का इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है और घटना के संबंध में विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने आना बाकी है। पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।

सीएम से मिलने के बाद माने सदस्य एकजुट होकर विकास का संकल्प



सभी सदस्यों ने किए हस्ताक्षर : सीएम विष्णुदेव साय से मिलने पहुंचने वाले जिला पंचायत सदस्यों में अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह के साथ ही नरसिंह भंडारी, श्रीमती रेखा कोठारी, भोजेश शाह, लखन कलामे, श्रीमती सविता शोरी, श्रीमती शांति त्रिपुरे और नेहरू रजक शामिल थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

वनांचल में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह के खिलाफ सदस्यों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को सभी सदस्यों ने अब वापस ले लिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से जिला पंचायत के सदस्यों की मुलाकात के बाद सभी ने एकजुट होकर क्षेत्र के विकास का संकल्प लिया और अविश्वास प्रस्ताव को वापस लेने पर सर्वसम्मति जताई।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को जिपं अध्यक्ष नम्रता सिंह के साथ ही अन्य जिला पंचायत सदस्य भी सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मिलने पहुंचे थे। दोनों ही वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद सभी सदस्य संतुष्ट नजर आए। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, जिला भाजपा प्रभारी देवलाल ठाकुर, संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, उपाध्यक्ष विजय जैन एवं श्रीमती रेणू टांडिया, मदन साहू व खोरबहरा यादव, सर्वश्री प्रकाश मिश्रा, कमल तापडिया, संदीप साहू, अमित श्रीवास्तव, आशीष द्विवेदी, चंदन उपाध्याय तथा राजू जैन की भी उपस्थिति रही।







सार समाचार

तहसील अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी घोषित

राजनांदगांव। तहसील कार्यालय राजनांदगांव में पिछले साढ़े 3 साल पूर्व गठित किए गए तहसील अधिवक्ता संघ की कार्य विभाजन कर



कार्यकारिणी घोषित की गई है। कार्यकारिणी में संरक्षक जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एमएल साहू, अंजुम अल्वी, हफीज खान, विवेक शुक्ला, शारदा तिवारी, आशीर्वादक जेएस गरचा, कामदेव वर्मा, महेन्द्र शर्मा, नारायण स्वर्णकार, डीसी जैन, ओजस दास, संयोजक अशोक श्रीवास, शिवकुमार साहू, प्यारी सिन्हा, अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष हेमलता पांडे, अशोक देवांगन, सचिव तोपेश कुमार देवांगन, सह-सचिव अभ्यास यादव, कोषाध्यक्ष राजकुमार चंदेल, मीडिया प्रभारी भूमिका हरिहारनो, विरेन्द्र उकेसांस्कृतिक प्रभारी नीतू टंडन, सुनील मिश्रा, प्रमुख सलाहकार राजीव कुरियाकोस, सुरेश सिंह ठाकुर, मनीष वर्मा, अनमोल ठाकुर शामिल हैं। वहीं कार्यकारिणी में सतीश मसीह, कीरिट धीवर, आरिफ खान, संतोष साहू, अनिल अंबादे, बीपी वासनिक को शामिल किया गया है।

बच्चों ने दिया स्वच्छ एवं विकसित भारत का संदेश

राजनांदगांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरी में प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं शा.उ. माध्यमिक शाला के



छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली एवं चित्रकला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन एवं सेवा संकल्प की यात्रा को रंगों और चित्रों के माध्यम से खूबसूरती से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत, विकसित भारत और सुंदर भारत की परिकल्पना को अपनी कलाकृतियों के माध्यम से साकार किया। बच्चों की रचनात्मकता और आकर्षक चित्रों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारी और देश के विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर बोरी सरपंच जीवनलाल साहू, पंचगण, पंचायत सचिव, प्राचार्य, शिक्षकगण, जनपद पंचायत से नंदकिशोर साहू, मितानिन दीदियां, स्वच्छता दीदियां एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते उनका उत्साहवर्धन किया।

कमलेश बैद जिला संयोजक नियुक्त

राजनांदगांव। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिव चन्द्राकर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुशंसा तथा जिला भाजपा



अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से राजनांदगांव की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। घोषित सूची के अनुसार कमलेश बैद को जिला संयोजक, महेश खंडेलवाल एवं रणदीप भाटिया को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दायित्व प्रदान किए गए हैं। आर्थिक प्रकोष्ठ की घोषित कार्यकारिणी में संगीता शुक्ला को कार्यालय प्रभारी, रोशन साहू को कार्यालय सह प्रभारी, हरीश मोटलानी को मीडिया प्रभारी, महेश गुप्ता को मीडिया सहप्रभारी, सुनील कोटडिया को सोशल मीडिया प्रभारी, अंजनी शर्मा को सोशल मीडिया सहप्रभारी तथा सुधा पवार को मन की बात प्रभारी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त जिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में राजेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, राजेश साहू, सौरभ खण्डेलवाल, धर्मेन्द्र सोनी, पवन सोनी, मंजुरानी साहू, विम्मी श्रीवास्तव, ओंकार वर्मा, चेतन अग्रवाल, राजू नाहटा, दीपक गिड़िया, राकेश साहू, शंकर कुमार साहू, राजेश सावा, निलेश हरिहरनो, मुकेश शर्मा, संगीता जिंदल, शोभनारायण साहू, शीतल लोडा, अखराज सोनी, हेमलाल साहू, जसप्रीत सिंह, शिवेंद्र साहू, संजय गायकवाड, ज्योति खंडेलवाल, शंभू गुप्ताईत एवं लीलाधर साहू को शामिल किया गया है।

शारदा भवन में पेयजल समस्या दूर

राजनांदगांव। शहर के लखोली वार्ड क्रमांक 32 स्थित राहुल नगर के शारदा भवन प्रांगण में पेयजल की समस्या को दूर करने की दिशा में



महत्वपूर्ण पहल की गई है। विधायक डॉ. रमन सिंह की विधायक निधि से यहां बोरवेल खनन का कार्य संपन्न कराया गया है। इस कार्य के पूर्ण होने पर वार्डवासियों ने डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव तथा इस दिशा में प्रयास करने वाले जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

सेवा पंडाल का उदघाटन आज

राजनांदगांव। संस्कारधानी राजनांदगांव का संयुक्त सेवा पंडाल बागेश्वरधाम अपने अपने सेवा कार्यों के लिए जाना जाता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष संयोजक पंकज गुप्ता, निकुंज सिंघल, संदेश जैन, सौरभ खंडेलवाल, योगेश साहू, सूरज गुप्ता, राहुल अग्रवाल व मयंक शर्मा ने बताया कि इस वर्ष माता की आराधना का महापर्व संस्कार सेवा नवरात्र महोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन समिति के सेवाभावी अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, महिला अध्यक्ष मधु खंडेलवाल के मार्गदर्शन में पदयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। सेवा पंडाल कल 11 अक्टूबर को संध्या 4 बजे उद्घाटन महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में शुभारंभ होगा।

गरबा उत्सव : पारंपरिक वेशभूषा और तिलक के साथ मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शिवनाथ वाटिका में कल 11 से 19 अक्टूबर तक गरबा उत्सव 2026 का भव्य और धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। यह कार्यक्रम संस्कारधानी उत्सव समिति के तत्वावधान और सन ग्रुप की प्रस्तुति में आयोजित किया जा रहा है।

समिति ने बताया कि इस वर्ष का गरबा उत्सव पूरी तरह से पारंपरिक और सनातन संस्कृति को समर्पित होगा, जहां गरबा रास मुख्य रूप से लोक गीतों और भजनों की धुनों पर किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष कांत अग्रवाल ने बताया कि हिंदू संस्कृति को पूर्ण रूप से फॉलो करते गरबा प्रेमियों से आग्रह किया गया है कि वे प्रांगण में माथे पर तिलक लगाकर ही आएं।

पवित्रीकरण से स्वागत

प्रांगण में प्रवेश करने से पूर्व, प्रवेश द्वार पर गरबा प्रेमियों के शुद्धिकरण हेतु उन पर गंगाजल में इत्र मिलाकर छिड़काव किया जाएगा। इससे भक्तगण पवित्र होकर माता के दरबार में प्रवेश करेंगे और पूरा वातावरण सुगन्धित व भक्तिमय रहेगा। शिवनाथ वाटिका प्रांगण को सुंदर और धार्मिक थीम पर सजाया जा रहा है, जो माता की आराधना के लिए एक भक्तिमय माहौल प्रदान करेगा।



समिति ने पूरी की तैयारियां

इस आयोजन को सफल बनाने संस्कारधानी उत्सव समिति की टीम सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटी है। जिसमें अध्यक्ष कांत अग्रवाल, उपाध्यक्ष सौरभ कांकड़िया, कोषाध्यक्ष अवंत अग्रवाल, सचिव राहुल चोपड़ा, सह-सचिव दिव्यांश अग्रवाल, समिति सदस्य शुभम जैन, संकल्प कन्नौज, केतन चौरड़िया, प्रियेश जैन, नमन पोद्दार, कृष्णा लोहिया, वैभव अग्रवाल और रोहित झा शामिल हैं। कार्यक्रम में आधुनिक या पाश्चात्य कपड़ों की अनुमति नहीं होगी। प्रवेश केवल पारंपरिक वेशभूषा में ही दिया जाएगा।

नौ रंगों की थीम

नवरात्रि पर्व में माता के नौ स्वरूपों को समर्पित करते नौ अलग-अलग रंगों की थीम रखी गई है। गरबा उत्सव के दौरान नौ दिन विभिन्न प्रकार की रोमांचक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें सर्वश्रेष्ठ गरबा नृत्य, सर्वश्रेष्ठ पारंपरिक वेशभूषा जैसे कई वर्गों में प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।

शिक्षा विभाग ने की पहल, मिला बेहतर रिस्पांस

ऑनलाइन करियर कोचिंग में पहले दिन जुड़े 15 हजार विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में स्कूली विद्यार्थियों को जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और सही कैरियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को एक विशेष ऑनलाइन क्लास की शुरूआत की गई। इस अभिनव पहल के पहले ही दिन उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखने को मिली, जहां जिले के 152 स्कूलों के 1270 शिक्षक और 15,151 विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। कक्षा 11वीं और 12वीं के बच्चों के लिए आयोजित इस सत्र में जिला कलेक्टर जितेन्द्र यादव और जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने खुद क्लास लेकर विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण के महत्वपूर्ण गुर सिखाए।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों को लक्ष्य आधारित अध्ययन का महत्व समझाते कहा कि स्कूली जीवन के यह दो साल और उसके बाद के तीन साल की कड़ी मेहनत ही यह तय करेगी कि वे भविष्य में किस मुकाम तक पहुंचेंगे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति व मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के संघर्षपूर्ण जीवन का उदाहरण देते बताया कि किस तरह उन्होंने बेहद अभावों में पढ़ाई की और वायुसेना की परीक्षा में चयनित न होने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने समझाया कि विफलताएं जीवन का अंत नहीं होती, बल्कि बड़े उद्देश्यों की ओर बढ़ने का माध्यम बनती है।



हर शनिवार-रविवार लगेगी क्लास

प्रशासन की इस योजना के तहत अब हर शनिवार और रविवार को सुबह 8 से 9 बजे तक एक घंटे की विशेष ऑनलाइन क्लास संचालित की जाएगी। जिसमें विषय विशेषज्ञ और प्रशासनिक अधिकारी सीधे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। प्रशासन का उद्देश्य है कि इन क्लासेस के जरिये बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा सके।

बच्चों के साथ किया संवाद

वहीं डीईओ प्रवास सिंह बघेल ने भी बच्चों से संवाद करते स्पष्ट किया कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी अपनी मेहनत, लगन और जिज्ञासा के बल पर किसी भी उच्च पद तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने आसपास के जिलों में पदस्थ शीर्ष अधिकारियों का उदाहरण देते बच्चों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और सवाल पूछने की आदत डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गणित, जीव विज्ञान, रक्षा सेवाओं, रेलवे और बैंकिंग जैसे विविध क्षेत्रों में मौजूद अवसरों तथा व्यापार व रोजगार की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की।

आश्रम में 150 श्रद्धालुओं ने किया पितरों का तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पितरों की सद्गति एवं शांति की कामना से श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में मोहारा बायपास रोड स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम में 10 अक्टूबर को सामूहिक श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 150 श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक अपने पितरों के निमित्त श्राद्धकर्म किया। कार्यक्रम के माध्यम से श्रद्धालुओं ने पितरों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते उनकी शांति एवं सद्गति की कामना की।



संस्था के प्रमुख रोहित चंद्राकर, टीके चंद्राकर एवं महेश रायचा ने बताया कि श्राद्ध कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे से हुआ। निर्धारित विधि-विधान के अनुसार श्राद्धकर्म संपन्न कराया गया। दोपहर में कुतुप काल के दौरान श्राद्धकर्म पूर्ण होने के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मुक्ति का साधन है श्राद्धकर्म

शास्त्रों में श्राद्धकर्म को ऋषि ऋण, पितृ ऋण एवं देव ऋण से मुक्ति का एक महत्वपूर्ण साधन बताया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितरों के निमित्त श्रद्धापूर्वक श्राद्ध एवं तर्पण करने से उनकी सद्गति और शांति की कामना की जाती है। श्राद्धकर्म से आयु, यश, कीर्ति, बुद्धि, सुख-संपदा एवं पुण्य की प्राप्ति होने की भी मान्यता है। पितरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की भावना से आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

आत्म साक्षात्कार दिवस 12 को

संस्था के लेखराम साहू, टहलूराम साहू, प्रवीण चक्रधारी एवं संजय साहू ने बताया कि संतश्री आशारामजी बापू का आत्म साक्षात्कार दिवस 12 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से मोहारा आश्रम में मनाया जाएगा। इस अवसर पर गुरुदेव की पादुका पूजन, मानस पूजन, भजन-कीर्तन एवं भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्था की ओर से श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।

पितृपक्ष का समापन आज से नवरात्र पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पितृपक्ष का समापन 10 अक्टूबर को हो गया। इसके साथ ही कल 11 अक्टूबर से शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का नौ दिवसीय पर्व शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो जाएगा। नवरात्र को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। देवी मंदिरों में व्यापक साज-सज्जा की गई है। वहीं विभिन्न पूजा समितियों द्वारा तैयार किए गए पंडाल भी मां दुर्गा के स्वागत के लिए सजकर तैयार है। शहर से लेकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तक नवरात्र की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी है।

पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने और तर्पण करने के बाद अब वातावरण में भक्ति और शक्ति की उपासना का रंग दिखाई देने लगा है। नवरात्र के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। प्रमुख देवी मंदिरों मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़, शहर के मां शीतला मंदिर सोनारपारा, मां पाताल भैरवी मंदिर, भानेश्वरी मंदिर, महामाया मंदिर, काली माई मंदिर पुराना बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर किलापारा, काली माई मंदिर ब्राम्हणपारा सहित अन्य मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन और आकर्षक विद्युत सजावट की गई है। मंदिरों को फूलों और रोशनी से सजाया जा रहा है, ताकि नवरात्र के दौरान पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण मिल सके। नौ दिनों तक मंदिरों में पूजा-अर्चना, आरती और देवी दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ेगी।

पूजा पंडालों में तैयारियां पूरी

शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और मोहल्लों में दुर्गा पूजा समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल तैयार किए गए हैं। कहीं भव्य प्रवेश द्वार बनाए गए हैं, तो कहीं रंग-बिरंगी रोशनी और सजावट के माध्यम से पंडालों को आकर्षक रूप दिया गया है। समितियों के सदस्य पूजा की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। प्रतिमा स्थापना स्थल की सजावट, पूजा सामग्री और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। नवरात्र के दौरान पंडालों में प्रतिदिन पूजा-अर्चना और आरती होगी।

अग्रसेन महोत्सव का समापन आज



राजनांदगांव। भगवान श्री अग्रसेन के आदर्शों से प्रेरित अग्रवाल सभा, अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 4 से 11 अक्टूबर तक आयोजित धार्मिक, सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों में बच्चों से लेकर युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठजनों तक ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। शनिवार को भव्य बाइक रैली और अग्रसेन आनंद मेले के आयोजन ने महोत्सव की रौनक बढ़ाई। कल रविवार को मुख्य समारोह, सम्मान कार्यक्रम और भगवान श्री अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा के साथ महोत्सव का समापन होगा।





नवरात्रि विशेष



प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

कलेक्टर ने नागरिकों से की मतदाता सूची में नाम जांचने की अपील

मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने जिले में 31 तक विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची में दर्ज नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों की जांच के साथ ही पात्र नागरिकों के नाम जोडऩे, आवश्यक संशोधन एवं नाम विलोपन की कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जा रही है। विशेष अभियान के दौरान प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) संबंधित मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहेंगे। नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने एवं नाम विलोपित कराने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपना एवं परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम अवश्य जांच कर लें। मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं होने अथवा नाम, पता एवं अन्य विवरणों में त्रुटि होने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने नागरिकों से विशेष अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाकर मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

विशेष अभियान के अंतर्गत खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों एवं महाविद्यालयों में युवाओं को मतदाता पंजीयन के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरवाही में 17 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। मतदान केन्द्र क्रमांक 259, 260, 261 एवं 263 के बीएलओ द्वारा विद्यार्थियों को फॉर्म-6 का वितरण किया गया। विद्यार्थियों से फॉर्म भरवाकर संबंधित बीएलओ द्वारा बीएलओ ऐप के माध्यम से आगे की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। अभियान के माध्यम से भावी मतदाताओं को मतदाता पंजीयन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

बीएलओ से करें संपर्क

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर मतदाता सूची में अपने विवरणों की जांच करें तथा आवश्यकता होने पर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) अथवा बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क कर सकते हैं। मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण आधारशिला है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना तथा उसमें उपलब्ध जानकारी का सही एवं अद्यतन होना आवश्यक है।

निगम ने किया नवरात्रि पर्व के लिए व्यापक व्यवस्था

■ अधिकारी-कर्मचारियों को आयुक्त ने सौंपा दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश के अनुक्रम में कल 11 से 19 अक्टूबर तक आयोजित क्वांर नवरात्रि पर्व पर नगर निगम द्वारा पदयात्रियों की सुविधा के लिए बने पंडालों एवं शहर में मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराने नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा है।

नगर निगम आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि क्वांर नवरात्रि में डोंगरगढ़ दर्शनार्थियों/पदयात्रियों के लिए शहर में बने पंडालों एवं शहर में मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। जिसके लिए प्र. कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम को नोडल अधिकारी तथा प्र.सहायक अभियंता सुषमा साहू को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही सभी उप अभियंताओं को अलग-अलग प्रभार सौंपा गया है।

आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि 11 से 19 अक्टूबर तक नवरात्रि पर्व में पदयात्री पंडालों में सुबह 6 बजे से दूसरे दिन सुबह 6 बजे तक तीन पालियों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल व्यवस्था एवं विद्युत व्यवस्था के लिए उप अभियंताओं की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही तीनों पालियों में साफ-सफाई के लिए स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को सफाई व्यवस्था प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

स्वच्छता निरीक्षक एवं सफाई दरोगा इनके सहयोगी के रूप में कार्य करेंगे। इसी प्रकार डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्री मार्ग में प्रकाश व्यवस्था का दायित्व विद्युत प्रभारी लाईनमेन किशन गावरे को सौंपा गया है।

लापरवाही पर होगी कार्रवाई

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि उपरोक्त अधिकारी-कर्मचारी सौंपे गए दायित्वों का नोडल अधिकारी एवं उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में रहकर निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि उपरोक्त कार्यों में लगाए गए अधिकारी-कर्मचारी आवश्यक सेवा संधारण नियम के अंतर्गत माने जाएंगे। सौंपे गए कार्यों का निर्वहन पर लापरवाही एवं उदासीनता पाए जाने की दशा में कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अवैध शराब पकड़ने मौके पर पहुंची पुलिस, मचा हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्र में एक वार्ड में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस टीम बीती रात मौके पर दबिश दी थी। इस दौरान पुलिस को विरोध और हो-हंगामा, कथित मारपीट का सामना करना पड़ गया। इस संबंध में सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

■ रविदास नगर क्षेत्र का मामला

पुलिस के अनुसार बीती रात रविदास नगर में अवैध शराब बिक्री की सूचना पुलिस को मिली थी, जिस पर पुलिस जवान मौके पर पहुंचे थे। कार्रवाई के दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ वाद-विवाद करते अभद्रता की। बताया जाता है कि सोशल मीडिया में इस संबंध में वीडियो वायरल भी हुई थी। घटना को लेकर पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।

सेवा पत्रकारिता पर चर्चा, सामाजिक बुराइयों पर चलाएं कलम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की समाजसेवी महिलाओं की संस्था कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा समाज में बढ़ती विद्रूपताएं व विसंगतियों को ध्यान में रखते समाजसेवा और पत्रकारिता विषय पर चर्चा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कस्तूरबा की समाजसेवी महिलाओं सहित प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार उपस्थित रहे।

संस्था की संरक्षिका शारदा तिवारी ने बताया कि कस्तूरबा महिला मंडल के सेवा कार्यों को पत्रकारों का हमेशा से ही सहयोग व समर्थन मिलता रहा है। इसके उद्भव काल से ही वरिष्ठ पत्रकार शरद कोठारी, लीलाराम भोजवानी, दुलीचंद आदि कस्तूरबा के सेवा कार्यों का बढ़ावा देते रहे।



इस अवसर पर पत्रकार आत्माराम कोशा व बसंत शर्मा ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान पत्रकारों का आत्मीय सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रज्ञा गुप्ता द्वारा राज्य गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर साधना तिवारी, आशा गुप्ता, शोभा चोपड़ा, शोभारानी चौरसिया, अनिता जैन, अर्चना दास, नियामत हुड्डा, जनकबाई गुप्ता, मौसमी शर्मा, ममता शर्मा, तनुजा महिलांगे, भावना मौर्य, ईश्वर साहू, गोविंद साव, अभिषेक यादव, अमित, सौरभ ताम्रकार, श्रेयांश, शुभम उपाध्याय, प्रवीण गुप्ता, सीताराम वैष्णव व स्कूल स्टाफ की उपस्थिति रही। उक्ताशय की जानकारी प्राचार्य द्वारा दी गई।

बच्चों को दें सही संस्कार

कस्तूरबा की अध्यक्ष अलका जानी ने कहा कि शहर में ही नहीं समाज के हर क्षेत्र में बुराईयों का साम्राज्य बना हुआ है। लोग नशा सेवन कर हर वो गलत काम कर रहे हैं, जो सभ्य समाज के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। शराब, गांजा व अन्य मादक पदार्थ की धड़ल्ले से बिक्री समाज को गर्त में धकेल रही है। बात-बात पर चाकू, तलवार, बंदूके आदि चल रही है। छोटी बच्चियां कुत्सित नजरों की शिकार है। सड़कों में तेज रफ्तार का कहर है । हादसे में लोग मारे जा रहे हैं, मवेशियां बे-मौत मारी जा रही है। समाज में कुछ भी अच्छा नहीं हो पा रहा है। समाजसेवी अमिता मूंदड़ा व सरोज कोटडिया ने कहा कि महिलाएं यदि अपने बच्चों को सही संस्कार दे तो समाज की आधे से अधिक बुराईयां खत्म हो सकती है।

12 को बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में वार्डों के लिए मैगा कैम्प

राजनांदगांव। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु कार्यक्रम सरकार आपके द्वार के तहत महापौर मधुसूदन यादव के मार्गदर्शन में वार्डों में 1 से 14 अक्टूबर तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में नागरिकों की समस्या का समाधान करने के अलावा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

शिविर के संबंध में नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नागरिकों की समस्या का समाधान करने तथा उन्हें शासन की योजना का लाभ देने सेवा सेतु कार्यक्रम सरकार आपके द्वार के तहत वार्डों में शिविर आयोजित किए जा रहे है। 1 अक्टूबर को चिखली स्कूल एवं 5 अक्टूबर को नगर निगम परिसर में वार्डों के लिए शिविर आयोजित किया गया था। शिविर के तृतीय चरण में 12 अक्टूबर को बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक मैगा कैम्प का आयोजन होगा। जिसमें वार्ड नं. 37 से 46 तक एवं वार्ड नं. 48 के वार्डों के नागरिकों की मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन लेकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने जानकारी दी जाएगी।

सेवा ही संकल्प अभियान, विशाल रंगोली का निर्माण

राजनांदगांव। सेवा ही संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा के रंग, राष्ट्र के संग गतिविधि के तहत कृषि उपज मंडी राजनांदगांव में रंगोली का निर्माण किया गया। थीम अधारित इस रंगोली में शासन का योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस पहल के लिए उच्च शिक्षा विभाग को नोडल विभाग बनाया गया था। राजनांदगांव जिले के रंगोली राष्ट्र की नोडल अधिकारी व दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में शा.दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, शा. कमलादेवी राठी महाविद्यालय राजनांदगांव, शा. शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव, शा. आदर्श आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय सोमनी,



कॉन्फ्रेंस महाविद्यालय राजनांदगांव, शा. पं.किशोरीलाल विधि महाविद्यालय राजनांदगांव तथा रायल महाविद्यालय राजनांदगांव के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर तैयार किया।

रंगोली राष्ट्र के तहत निर्मित इस विशाल रंगोली का प्रदर्शन 7 अक्टूबर को कृषि उपज मंडी राजनांदगांव में जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों के समक्ष किया गया। रंगोली के माध्यम से राष्ट्रीय एकता तथा शासकीय योजनाओं की जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया। सेवा ज्योति कलश यात्रा में अतिथियों तथा नागरिकों द्वारा रंगोली का अवलोकन किया गया तथा इस रंगोली के माध्यम से दिए गए संदेश की प्रशंसा की गई।

जिला स्तरीय इस रंगोली को तैयार करने में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में शा. दिग्विजय कॉलेज के प्राध्यापकगण ललिता साहू, करूणा रावटे, डॉ. भारती सोनी, डॉ. महेन्द्र नागपुरे तथा महाविद्यालय के कर्मचारी रामु पाटिल व विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। जिला स्तरीय इस रंगोली के अतिरिक्त राजनांदगांव ब्लॉक मुख्यालयों डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया में संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यो, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर रंगोली राष्ट्र के तहत "सेवा के रंग, राष्ट्र के संग" गतिविधि के अंतर्गत रंगोली का निर्माण किया गया।

कन्हारपुरी बाईपास का नाम मंदराजी दाऊ, कलाकारों में हर्ष

नगर निगम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में सीआईटी कॉलेज से शुरू होने वाले कान्हारपुरी बाईपास रोड का नामकरण नाचा के शीर्ष पुरूष मंदराजी दाऊ के नाम पर करने पर मितान लोक कलाकार कल्याण संघ ने महापौर मधुसूदन यादव का आभार व्यक्त किया है ।

कन्हारपुरी बाईपास रोड का नामकरण मंदराजी दाऊ के नाम पर होने से समूचे छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि सीआईटी तिराहे के पास विशाल चौक का निर्माण होने पर मितान लोक कलाकार कल्याण संघ के अध्यक्ष राजेश मारू के नेतृत्व में सर्वप्रथम कलाकारों ने चौक का नाम मंदराजी दाऊ के नाम पर करने ज्ञापन सौंपा था। चौक के नामकरण ने तकनीकी समस्या आने पर मितान लोक कलाकार कल्याण संघ ने महापौर से बाईपास का नाम मंदराजी दाऊ के नाम पर करने का आग्रह किया था। समय समय पर महापौर का ध्यान आकृष्ट कराते रहे। मितान की पहल का सम्मान करते नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक में कन्हारपुरी बाईपास रोड का नामकरण मंदराजी दाऊ के नाम पर करने का निर्णय लिया गया। मितान लोक कलाकार कल्याण संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष राजेश मारू, सचिव बीरेंद्र बहादुर सिंह, महादेव हिरवानी, दीपेश साव, महेश्वर दास साहू, नरेंद्र साहू, विष्णु कश्यप, दीपक महोबिया बलेश्वर साव एवं प्रवीण साव समेत छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने हर्ष करते महापौर का आभार व्यक्त किया है।

65 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को 19.46 करोड़ रुपए की राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 के तहत राजनांदगांव क्षेत्र के चार जिलों के 65 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को पुराने बिजली बिलों के बकाये से राहत मिली है। योजना अंतर्गत अब तक मूल बकाया राशि एवं अधिभार (सरचार्ज) में कुल 19 करोड़ 46 लाख रुपए की छूट दी जा चुकी है। उपभोक्ताओं की सुविधा और अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से योजना की अवधि 31 दिसंबर 2026 तक बढ़ा दी गई है।

राजनांदगांव क्षेत्र के अंतर्गत राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में योजना का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना से बीपीएल, घरेलू एवं कृषि श्रेणी के पात्र उपभोक्ताओं को पुराने बकाये के निपटारे पर निर्धारित प्रावधानों के अनुसार छूट का लाभ दिया जा रहा है। अब तक योजना के तहत 65,062 उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं। इनमें 31,392 निष्क्रिय उपभोक्ता तथा 33,669 पात्र सक्रिय उपभोक्ता शामिल हैं। राजनांदगांव क्षेत्र के सात विद्युत संभागों में योजना को लेकर उपभोक्ताओं की सक्रिय भागीदारी सामने आई है। कवर्धा संभाग में 24,415, पंडरिया में 21,234, राजनांदगांव में 6,023, डोंगरगढ़ में 5,351, खैरागढ़ में 3,670, मोहला में 3,076 तथा डोंगरगांव संभाग में 1,293 सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ता योजना का लाभ ले चुके हैं।

66 वितरण केंद्रों एवं 3 जोनों में विशेष अभियान

राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम ने बताया कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र उपभोक्ता तक पहुंचाने क्षेत्र के 66 वितरण केंद्रों एवं 03 जोनों में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी वितरण केंद्रों में उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर पात्रता, छूट एवं बकाया निपटारे की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक कर रहे हैं। मुख्य अभियंता श्री मेश्राम ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि 31 मार्च 2023 से पूर्व के बकाया बिजली बिल वाले पात्र बीपीएल, घरेलू एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ता योजना का लाभ लेने में विलंब न करें।

सीनियर स्टेट स्पीड हैंडबॉल प्रतियोगिता

पुरूष व महिला दोनों वर्गों में नांदगांव विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के स्टेट स्कूल हैंडबॉल ग्राउंड में तृतीय सीनियर स्टेट स्पीड हैंडबॉल प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 12 जिलों की पुरूष टीमों एवं 6 जिलों की महिला टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर मधुसूदन यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से जिला ऐथलेटिक्स संघ के महासचिव रणविजय प्रताप सिंह, जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सचिव वीरेंदर सिंह भाटिया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, रामावतार जोशी आदि मौजूद थे। महापौर श्री यादव ने उद्घाटन अवसर पर कहा कि खेल केवल जीत और हार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमें अनुशासन, टीम भावना, मेहनत, धैर्य और संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। स्पीड हैंडबॉल जैसे तेज और रोमांचक खेल में हर खिलाड़ी का योगदान महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत दिलीप गोस्वामी, फिरोज खान, पुष्पराज, रज्जा कुरैशी, विनायक गुप्ता, जयेश मुदलियार, महिमा यादव, हीरेंद्र यादव आदि ने पुष्पगुच्छ से किया।



खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

पुरूष वर्ग का फाइनल मुकाबला राजनांदगांव एवं बिलासपुर के बीच खेला गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते राजनांदगांव की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग की विजेता राजनांदगांव टीम में कुणाल यादव, कोविद यादव, शुभम मेश्राम, युवराज एवं सोमेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में द्वितीय बिलासपुर तथा तृतीय स्थान रायपुर जिले की टीम ने प्राप्त किया।

राजनांदगांव-बिलासपुर में रोचक मुकाबला

महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला भी राजनांदगांव एवं बिलासपुर के बीच हुआ। रोमांचक मुकाबले में राजनांदगांव की महिला खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते विजेता का खिताब हासिल किया। राजनांदगांव की विजेता महिला टीम में नेहा यादव, कनक जोगी, विद्या,ज्योति मंडावी, तनुजा एवं सविता ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में द्वितीय बिलासपुर तथा तृतीय स्थान बालोद जिले की टीम ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता की विजेता, उपविजेता एवं अन्य प्रतिभागीयो को पूर्व निगम अध्यक्ष शिव वर्मा के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ नेता विष्णु अग्रवाल तथा जिला हॉकी संघ अध्यक्ष फिरोज अंसारी की विशेष उपस्थिति में पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में विनायक गुप्ता, हिरेंद्र यादव, पुष्पराज, राहुल, जयेश मुदलियार, महिमा यादव एवं दिलीप गोस्वामी ने निर्णायक के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

स्वदेशी जागरण मंच के पुनः जिला संयोजक बने राजकुमार



राजनांदगांव। स्वदेशी जागरण मंच की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक पुराना रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्ययोजना, विस्तार और स्वदेशी विचार को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने जिले एवं नगर के विभिन्न दायित्वों पर नवीन कार्यकर्ताओं की घोषणा की गई। बैठक में प्रांत सह-संयोजक दिनेश पाटेल, मार्गदर्शक अजय तिवारी, दुर्ग संभाग संयोजक पोषण साहू एवं पूर्ण कालिक कार्यकर्ता चिराग यादव की उपस्थिति में राजकुमार शर्मा को पुनः जिला संयोजक का दायित्व दिया गया।

इनकी टीम में सह-संयोजक अनिमेष राय तथा स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक राकेश इंदुभूषण ठाकुर, सह समन्वयक सुधा पवार, महिला कार्य प्रमुख मोना गोसाई, संगीता शुक्ला, विचार विभाग प्रमुख डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी, संघर्ष वाहिनी सुरेन्द्र पाल सिंह भाटिया, पर्यावरण प्रमुख डॉ. ओंमकार लाल श्रीवास्तव, कोष प्रमुख भावेश अग्रवाल, कार्यालय प्रमुख कांति मोर्य, संपर्क प्रमुख भगवान झा, प्रचार प्रमुख अखिलेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ आयाम प्रमुख पं. सुनिल बाजपेयी, पत्रिका प्रमुख फातिमा बी. सोलंकी, युवा आयांक प्रमुख आकाश त्रिपाठी, राजीव दीक्षित, विचार मंच हरिश गांधी के अलावा जिला इकाई की भी घोषणा की गई। जिसकी संयोजक रितु रायजादा एवं उसकी टोली को दायित्व दिया गया।

बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु प्रसाद साव, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद, कैट के अध्यक्ष राजु डागा व नागरिकगण उपस्थित थे। बैठक का संचालन एवं जानकारी अखिलेश श्रीवास्तव ने दी।

भगवान अग्रसेन जयंती
पर्व की आपको हार्दिक शुभकामनाएं
यश प्रोसेस
योगेश अग्रवाल
मो. 9407956777
यश अग्रवाल
मो. 9407956777

महाराजा श्री अग्रसेन जी के चरणों में शत्-शत् नमन
भगवान अग्रसेन जयंती
पर्व की आपको हार्दिक शुभकामनाएं
अग्रवाल सभा, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मो. 8085759215
कन्हैया अग्रवाल
सदस्य

भगवान अग्रसेन जयंती
पर्व की आपको हार्दिक शुभकामनाएं
दुर्गा प्रसाद रितेश कुमार
दुर्गा प्रसाद अग्रवाल
रितेश कुमार अग्रवाल
रितेश किराना
स्टेट बैंक रोड, डोंगरगढ़
रितेश एजेंसी
स्टेट बैंक रोड, डोंगरगढ़

भगवान अग्रसेन जयंती
पर्व की आपको हार्दिक शुभकामनाएं
अग्रवाल दुध डेयरी एवं डेली नीड्स
प्रो. अनुराग अग्रवाल
दुध, दही, घी, पनीर, खोआ एवं डेली नीड्स के विक्रेता
विशाल अग्रवाल
जय स्तंभ चौक, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मो. 8208570223

भगवान अग्रसेन जयंती
पर्व की आपको हार्दिक शुभकामनाएं
अग्रवाल सीमेंट्स
नितिन अग्रवाल
ट्रस्टी (माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति)
छड़, सीमेंट, रासायनिक खाद, पाईप, पेंट के अधिकृत विक्रेता
विपुल अग्रवाल
नया बस स्टैण्ड के सामने, कचहरी रोड, डोंगरगढ़
मो. 9425560060, 9826707823

श्री अग्रसेन महाराज
की जयंती पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
महाराजा श्री अग्रसेन जी के चरणों में शत्-शत् नमन...
रानीसती राईस मिल
कॉलेज रोड, वार्ड नं. 11, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मो. 9300688574, 9826111551

भगवान अग्रसेन जयंती
पर्व की आपको हार्दिक शुभकामनाएं
सांवरिया
रेस्टॉरेन्ट एवं लॉज
A/C & Non A/C Room
शुद्ध शाकाहारी
रूपेश अग्रवाल
बड़ी बम्लेश्वरी मंदिर के पास, रोपवे के सामने, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मो. 9109720268, 9893487335

भगवान अग्रसेन जयंती
पर्व की आपको हार्दिक शुभकामनाएं
बिंदल मिठास एवं दुध डेयरी
हमारे यहां स्वयं की दुध डेयरी से उत्पादित दुध की ताजा व सर्वोत्तम मिठाई मिलती है।
दुध, दही, पनीर, खोवा तथा घी के विक्रेता
फर्म : 1. बिंदल मिठास, लाल बिल्डींग
2. बिंदल दुध, रेलवे चौक
3. बिंदल पशु आहार एवं डेयरी फीडस्ट, ग्राम धुसेरा
अजय बिंदल
मो. 9329884358

श्री अग्रसेन जयंती
पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
होटल स्वागतम
लॉज एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था
बड़ी मंदिर रोड
डोंगरगढ़ (छ.ग.)
विरेन्द्र अग्रवाल
प्रांतीय उपाध्यक्ष
मो. 9589444410
पंकज अग्रवाल
IT सेल संयोजक
मो. 9986688005

श्री अग्रसेन जयंती
पर्व की आपको हार्दिक शुभकामनाएं
मुरलीधर अनिल कुमार अग्रवाल
जय स्तंभ चौक, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मो. 9425560106, 8305044475
(धानवाला)
अनाज के थोक एवं विल्हर विक्रेता
विवेक अग्रवाल
अमन अग्रवाल

श्री श्री 1008 श्री श्रद्धेय
भगवान अग्रसेन जयंती
पर्व की आपको हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष दुध डेयरी व डेली निड्स
दुध, दही, घी, पनीर, खोवा व बेकरी आईटम के विक्रेता
खनक बेकर्स एवं ट्रांसपोर्ट
जय स्तंभ चौक, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
आशीष नरेडी
मो. 9993293127
अतिश नरेडी
मो. 9425560202

श्री अग्रसेन जयंती
पर्व की आपको हार्दिक शुभकामनाएं
शीतला जनरल स्टोर्स
श्री अग्रसेन चौक, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
पायल, किरिंग, हैंगिंग, धागा, लॉकेट, चैन, अंगुठी, ब्रेसलेट, कड़ा, हेयर बैंड, चुड़ी, बक्कल, क्लेचर, बिंदी, सिंदूर, डिब्बा, महिनारी एवं ज्वेलरी की ऑल न्यू वेरायटी उपलब्ध एवं खिलौने के थोक विक्रेता
प्रदीप अग्रवाल
मो. 7771033056
9302386496
नवदीप अग्रवाल
मो. 9407622891

॥ श्री श्री 1008 श्री अग्रसेन जी महाराज की जय ॥
भगवान अग्रसेन जयंती पर्व पर
आप सबको हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएं
श्री बालाजी कन्स्ट्रक्शन
श्री बालाजी प्रीकास्ट
नरसिंगदास ट्रेडिंग
PSAR Infrastructure Pvt. Ltd.
पूनमचंद श्रीराम अग्रवाल
मो. 9826610101
सावन अग्रवाल
(B.E. Civil)
मो. 8892600000
अंकुर अग्रवाल
(B.E. C.S.)
मो. 9200250020
ऋषिराज अग्रवाल
(B.Tech Civil)
मो. 9993798779
पता - श्रीराम - रमा, पटेल वार्ड नं. 17, डोंगरगढ़ (छ.ग.)

मान. चंदन अग्रवाल
प्रसिद्ध समाजसेवी, थान खम्हरिया
अग्रवाल महासभा डोंगरगढ़
में पधारे आप सभी अतिथियों का शत्-शत् अभिनंदन...
मान. अनीता अग्रवाल
समारोह अध्यक्ष
मान. सुनीता अग्रवाल
विशिष्ट अतिथि

- विज्ञापन संकलनकर्ता -
प्रकाश अग्रवाल
(हरिभूमि संवाददाता)
डोंगरगढ़ मो. 9300963883

श्री श्री 1008 श्री श्रद्धेय
भगवान अग्रसेन जयंती
समारोह के पावन पर्व पर सभी अग्र बंधुओं का हार्दिक अभिनंदन....
अग्रवाल प्रोसेस एवं अग्रवाल राईस प्रोडक्ट
मनोज अग्रवाल
अध्यक्ष, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति
डोंगरगढ़, मो. 9425560400
राजेश अग्रवाल
उपाध्यक्ष, अग्रवाल सभा
डोंगरगढ़, मो. 7587141900
वंश अग्रवाल
मो. 6264329070
दिव्य अग्रवाल
मो. 6264343880
पता - राम नगर, चिचोला रोड, डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

श्री श्री 1008 श्री श्रद्धेय
भगवान अग्रसेन जयंती
पर्व की आपको हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मी नारायण अग्रवाल
अध्यक्ष
राजेश अग्रवाल (बबलु)
उपाध्यक्ष
CA मयुर अग्रवाल
कोषाध्यक्ष
महेन्द्र कुमार अग्रवाल
सचिव
चेतन अग्रवाल
सहसचिव
सिद्ध गोपाल नरेडी
भवन व्यवस्थापक
प्रकाशचंद अग्रवाल
सदस्य
रितेश पचेरीवाला
स्वागताध्यक्ष
कन्हैया मोदी
सदस्य
पुनम बिंदल
सदस्य
केलाश गोयल
सदस्य
पुनमचंद बंसल
सदस्य
नवदीप अग्रवाल
सदस्य
शिव दुर्गाप्रसाद अग्रवाल
सदस्य
कन्हैया अग्रवाल
सदस्य

LOVOL
Member of SDHi Group

बरडिया एग्रीकल्चर
Unit of Ecosol Energy

बरडिया एग्रीकल्चर

अब छत्तीसगढ़ में लेकर आया है

LOVOL

हार्वेस्टर की सम्पूर्ण रेंज

प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन



Mr. Ma Guangrui
Marketing Manager



Mr. Saurabh Sukla
Country Heal
Lovol India



Mr. Liu Chao
Deputy General Manager
Lovol India



Mr. Gatish Mishra
Sales Manager
Lovol India



Mr. Wang Hongru
Marketing Manager



सेकण्ड हैण्ड हार्वेस्टर मेला

सभी प्रमुख कंपनियों के ट्रैक्टर माउंटेड, चैन हार्वेस्टर एवं ट्रक बॉडी हार्वेस्टर बहुत ही कम दाम में लोन सुविधा के साथ उपलब्ध



मूल्य 3 लाख से शुरू

मेला स्थल पुलगांव दुर्ग

हार्वेस्टर मालिक बनने का सुनहरा अवसर

सेल्समेन, सेल्स मैनेजर एवं मैकेनिक की आवश्यकता है



बरडिया एग्रीकल्चर

हेड ऑफिस : पुलगांव दुर्ग (छत्तीसगढ़) **ब्रांच ऑफिस :** बागेश्वर मंदिर के बाजू में जी.ई. रोड़ राजनांदगांव

मो. 9754731999, 9907938368, 9893145916

खबर संक्षेप

शहर में गूंजेगी भजन सम्राट दिलीप षडंगी की भक्ति की स्वर लहरियां, 14 अक्टूबर को होगा भव्य जगराता

कवर्धा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर धर्मनगरी कवर्धा भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर होने जा रही है। शहरवासियों के लिए इस बार



नवरात्रि का उत्सव बेहद खास होने वाला है, क्योंकि पीजी कॉलेज मैदान में सजेगी भक्ति की महफिल, भक्तिमय जगराता आयोजन समिति ने की भव्य आयोजन की तैयारी जोरों पर है। बताया जाता है कि लगभग 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन सम्राट दिलीप षडंगी कवर्धा की धरती पर अपनी भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देने जा रहे हैं। भक्तिमय जगराता आयोजन समिति द्वारा 14 अक्टूबर को शहर के पीजी कॉलेज मैदान में भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और माता के भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस भव्य जगराता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोनू ठाकुर, अमन ठाकुर, राहुल, अमन सिंह, उदय सिंह, अभिषेक सिंह, कृष्णा सिंह और सुमित सिंह सहित समिति के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। भक्तिमय जगराता आयोजन समिति के अमन सिंह ने बताया कि मां दुर्गा की आराधना, भक्ति गीतों और माता के जयकारों के बीच आयोजित होने वाला यह जगराता कार्यक्रम नवरात्रि के उत्साह को और भी खास बनाएगा। भजन सम्राट दिलीप षडंगी की सुमधुर आवाज में माता के भजनों की प्रस्तुति श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेगी।

शहर सहित क्षेत्र में आज विराजेंगी मां दुर्गा प्रतिमाएं

कोलेगांव। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व को लेकर विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित



आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है। मां दुर्गा के आगमन को लेकर गांव-गांव में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इसके साथ ही मां महामाया मंदिर में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार जोत-जवारा, ज्योति कलश एवं दुर्गा माता की स्थापना की जाएगी। नवरात्रि पर्व को लेकर कोलेगांव के साथ धनेली, भगतपुर, बसनी, मोहगांव, सोढ़ा, पिपरमाटी, मोहतरा कला, कंझेटा, अमली-मालगी, कुआंमालगी, निगापुर, सेमरकोना, घोरपेंड्री, पेंड्रीकला, कुण्डा और दामापुर सहित आसपास के गांवों में उत्सव का वातावरण दिखाई दे रहा है। श्रद्धालु माता रानी के स्वागत के लिए अपने घरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और रंगोली बनाने में जुटे हुए हैं। वहीं दुर्गा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक पर्व के दौरान विभिन्न दुर्गा पंडालों में पूजा-अर्चना, जसगीत, जगराता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों के साथ बच्चे, युवा और बुजुर्ग भी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। माता रानी के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू होगा। भक्तजन मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। मां दुर्गा के आगमन के साथ ही पूरे क्षेत्र में नौ दिनों तक भक्ति, आस्था और उत्सव की रौनक बनी रहेगी।

शहर से गांव तक गूंजेंगे जय माता दी के जयकारे, नवरात्रि पर्व आज से प्रारंभ

बरबसपुर। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर शहर सहित ग्रामीण अंचलों में



उत्साह का माहौल है। माता रानी के स्वागत के लिए मंदिरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और आकर्षक सजावट की जा रही है। वहीं दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा भव्य पंडालों का निर्माण कर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिरों और दुर्गा पंडालों में पूजा-अर्चना, जसगीत और जय माता दी के जयकारे गूंजेंगे। रविवार से नवरात्रि पर्व की शुरुआत होगी। इस दौरान श्रद्धालु मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करेंगे। कई स्थानों पर जस-जवारा की स्थापना की भी तैयारी की जा रही है। श्रद्धालु भक्त मां महामाया और दुर्गा माता के दरबार में पहुंचकर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे।

निधन

विजय आनंद चंद्रवंशी



कवर्धा। ग्राम रूसे निवासी विजय आनंद चन्द्रवंशी (लल्लू) पिता सुखचैन चंद्रवंशी का विगत दिनों बुधवार को स्वास्थ्यगत कारणों से आकस्मिक निधन हो गया। स्व. विजय आनंद चंद्रवंशी का उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया उनके अंतिम संस्कार में परिजन, ग्रामवासी व क्षेत्रवासी एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बिना सार्वजनिक विज्ञापन नियुक्ति का आरोप, निष्कासित अभ्यर्थी के चयन पर आपत्ति

पेंड्रीकला सोसायटी भर्ती में गडबड़ी के आरोप, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पंडरिया ब्लॉक की पेंड्रीकला सेवा सहकारी समिति में भर्ती प्रक्रिया विवादों में घिर गई है। विक्रेता, प्रभारी प्रबंधक और लिपिक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर हुई नियुक्तियों में नियमों की अनदेखी और पारदर्शिता नहीं बरतने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता देवी चंद्राकर ने चयनित अभ्यर्थी दुष्यंत कुमार शर्मा की नियुक्ति पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि उन्हें पूर्व में गबन के आरोप में समिति से निष्कासित किया जा चुका है।

मामले में सहकारिता निरीक्षक अरविंद कुमार वैष्णव की भूमिका की जांच की मांग भी की गई है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जांच के आदेश दिए हैं। अब जांच में सामने आने वाले तथ्यों पर मामले की दिशा तय होगी।

शिकायतकर्ता देवी चंद्राकर के अनुसार समिति में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए सार्वजनिक विज्ञापन जारी नहीं किया गया। आरोप है कि निर्धारित नियमों और पारदर्शिता का पालन किए बिना नियुक्तियां की गईं। शिकायत में पूरी भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है, ताकि नियुक्तियों से संबंधित तथ्यों और प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति, भर्ती प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी



शिकायत में चयनित अभ्यर्थी दुष्यंत कुमार शर्मा को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि शर्मा को करीब पांच वर्ष पहले गबन के आरोप में रूसे सोसायटी से निष्कासित किया गया था और संबंधित मामला न्यायालय में लंबित है। इसके बावजूद पंड्रीकला समिति की भर्ती प्रक्रिया में उनके शामिल होने और चयन किए जाने पर आपत्ति जताई गई है। इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

सहकारिता निरीक्षक की भूमिका की जांच की मांग

शिकायतकर्ता देवी चंद्राकर ने सहकारिता निरीक्षक अरविंद कुमार वैष्णव की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है। साथ ही भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता पाए जाने पर नियुक्तियां निरस्त करने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। जांच रिपोर्ट पर टिकी नजरें मामले में कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद अब जांच प्रक्रिया और उसकी रिपोर्ट पर नजरें टिकी हैं। जांच में भर्ती से संबंधित नियमों, विज्ञापन प्रक्रिया, चयन के आधार और लगाए गए आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। फिलहाल आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई।

क्षेत्र में श्रद्धापूर्वक किए गए श्राद्ध कर्म पितर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पितृ पक्ष के समापन पर पूर्वजों को विधि-विधान और श्रद्धापूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर लोगों ने अपने पितरों का स्मरण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध, तर्पण एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए। भारतीय संस्कृति में पितृ पक्ष को पूर्वजों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और पारिवारिक परंपराओं के निर्वहन का महत्वपूर्ण समय माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन मास की अमावस्या तक की अवधि को पितृ पक्ष कहा जाता है। इसे सामान्यतः 16 दिनों का पक्ष माना जाता है। इस दौरान परिवार के लोग अपने दिवंगत पूर्वजों को याद करते हैं और उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध एवं तर्पण करते हैं। श्राद्ध शब्द श्रद्धा से बना है, जिसका अर्थ है पूरी आस्था और विश्वास के साथ अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करना। पितृ पक्ष में तर्पण का विशेष महत्व है। धार्मिक परंपरा के अनुसार जल, काले तिल, कुश और पुष्प आदि के माध्यम से पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक जल अर्पित किया जाता है। इस दौरान पितरों का स्मरण करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और पूर्वजों की शांति की कामना की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि पितृ पक्ष में श्रद्धापूर्वक किए गए श्राद्ध, तर्पण और दान से पूर्वज तृप्त होते हैं तथा अपने वंशजों को संतान, दीर्घायु, धन और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन अधिकारी-कर्मचारी चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव द्वारा प्रारंभ किए गए



कॉप आफ द मंथ के तहत सितंबर 2026 माह के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन अधिकारी-कर्मचारियों का चयन किया गया है। जिस पर कबीरधाम जिला के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों में बेहतर कार्य करने की प्रतिस्पर्धात्मक भावना





को बढ़ावा देने तथा उत्कृष्ट पुलिसिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह दूसरा माह है। सितंबर माह में अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य एवं बेहतर परिणाम देने वाले यातायात शाखा के उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी, साइबर थाना गज्जू सिंह राजपूत एवं थाना बोड़ला आरक्षक रतिराम यादव को चयनित किया गया। इसके साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं एवं नाबालिग बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से लगभग 1000 आवारा पशुओं के गले एवं सींग में रेडियम पट्टी लगाकर रात्रि के समय वाहन चालकों को पशुओं की मौजूदगी स्पष्ट दिखाई देने में मदद करने का सराहनीय कार्य किया गया।

यातायात व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी का उत्कृष्ट योगदान

यातायात शाखा के उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी द्वारा सितंबर माह में मोटर व्हीकल अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही में प्रभावी वृद्धि लाते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती से प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। मोडिफाइड सायलेंसर, सिग्नल जंप, ओव्हर स्पीड, खतरनाक तरीके से वाहन चालन एवं शराब सेवन कर वाहन चालन जैसे मामलों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई।

ग्राम बहरमुड़ा में आंगन मिलन उत्सव आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के इंदौरी मंडल के ग्राम पंचायत बहरमुड़ा में आंगन मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और लाभार्थी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 और 2 से जुड़ी कार्यकर्ताओं और महिलाओं की सहभागिता रही। भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में हुआ आयोजन महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के आदेशानुसार और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी और जिला महामंत्री गौरी देवी साहू उपस्थित रहीं। आयोजन का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और लाभार्थी महिलाओं को सम्मानित करना रहा। बहरमुड़ा में आयोजित आंगन मिलन उत्सव के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और लाभार्थी महिलाओं को एक मंच पर लाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के योगदान को सम्मान देने के साथ ग्रामीण स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी गतिविधियों को भी महत्व दिया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व महिलाओं का किया सम्मान

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांति खरे, पिंगला कुर्रे, ममता साखरे, कीर्ति धृतरा, लहरे, गौरी साखरे, चंद्रिका दरिया, शिवकुमारी यादव और ममता साहू सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। आयोजन में स्वस्थ शिशु से जुड़े प्रतिभागियों, गर्भवती महिला पूजा कश्यप और प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रीति लहरिया का भी उल्लेख किया गया।

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित होंगे धर्मराज साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

प्राथमिक शाला रूसे के प्रधान पाठक धर्मराज साहू को उनके



उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। 13 अक्टूबर को दुर्ग में आयोजित संभाग स्तरीय सम्मान समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस उपलब्धि से शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है। प्रधान पाठक धर्मराज साहू सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। वे पिछले 28 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में पूर्ण लगन, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है। धर्मराज साहू ने अपनी शाला तक ही कार्य सीमित नहीं रखा, बल्कि संकुल के अन्य विद्यालयों में जाकर भी शाला प्रबंधन समिति को सहयोग प्रदान किया। उनके प्रयासों से विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने तथा सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने की दिशा में कार्य किया गया। वे शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाते रहे हैं। इस सम्मान पर दीपक ठाकुर, मुरारी लाल यादव, नंदू निर्मलकर, कमल सोनी, अश्वनी चंद्राकर, कुमार अनुरागी, देवानंद चंद्रवंशी, आशीष मिश्रा, दर्शन धुर्वे, शीतल धुर्वे, रेणुका परिहार, संतोष साहू, सुनील चंद्रवंशी तथा बैजनाथ चंद्राकर सहित अनेक शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पीड़ाघाट में स्वच्छता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वन्यप्राणी सप्ताह 2026 के समापन अवसर पर चिल्फी स्थित पीड़ाघाट में वन विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान वन अमले ने क्षेत्र में साफ-सफाई कर प्राकृतिक परिवेश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य प्राकृतिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। स्वच्छता अभियान में परिक्षेत्र अधिकारी, चिल्फी एवं उनके अधीनस्थ वन अमले ने सहभागिता की।

स्वर्धा लेडीज ग्रुप का आयोजन, दी जाएगी गरबा प्रस्तुतियां

3 दिवसीय भव्य गरबा महोत्सव 12 से



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

नवरात्रि के पावन अवसर पर पंडरिया नगर में धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक लोकनृत्य की अनुपम छटा बिखेरने के लिए स्वर्णा लेडीज ग्रुप पंडरिया द्वारा तीन दिवसीय गरबा गुंजन महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन 12, 13 एवं 14 अक्टूबर को किया जा रहा है। यह आयोजन पीएम श्री आत्मानंद विद्यालय मैदान पंडरिया में आयोजित होगा।

महोत्सव को लेकर नगरवासियों, महिलाओं एवं युवतियों में विशेष उत्साह है। महोत्सव के तीनों दिन अलग-अलग अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजन समिति द्वारा धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों के साथ प्रतिभागियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

इस महोत्सव का शुभारंभ 12 अक्टूबर को शाम 7 बजे से होगा। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा होंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत पंडरिया की अध्यक्ष श्रीमती नंदनी साहू तथा नगर पालिका परिषद पंडरिया की अध्यक्ष श्रीमती मंजुला कुर्रे उपस्थित रहेंगी। उद्घाटन समारोह में अतिथियों के स्वागत-सम्मान के साथ नवरात्रि की आराधना, माता की महाआरती एवं गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ होंगी।

पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागी अपनी कला एवं ऊर्जा से आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान करेंगे। स्वर्णा लेडीज ग्रुप पंडरिया की अध्यक्ष श्रीमती मीनू छाबड़ा व संयोजक श्रीमती उमा पाठक के नेतृत्व में श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव, श्रीमती गुंचा सलूजा, रश्मि श्रीवास्तव, नीतू भट्ट, छाया सिंह ठाकुर, नियति जायसवाल, निमिता सिंह ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव, निशा शर्मा , गुरजीत कौर, कामिनी जोशी और अन्य सभी सदस्याएं आयोजन को सफल बनाने में जुटी हुई हैं।

द्वितीय दिवस कलेक्टर तुलिका प्रजापति की रहेगी गरिमामयी उपस्थिति

महोत्सव के दूसरे दिन 13 अक्टूबर को जिले की जिला कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इस दिन भी गरबा नृत्य, धार्मिक अनुष्ठान, महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं यादगार बनाने की तैयारी की गई है।

सांसद की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम संपन्न

महोत्सव का समापन 14 अक्टूबर को भव्य रूप से किया जाएगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संतोष पाण्डेय साथ ही धर्मजीत सिंह विधायक तखतपुर की अध्यक्षता रहेगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में समाज सेविका श्रीमती रेखा पाण्डेय, भाजपा संगठन सरगुजा संभाग के प्रभारी, गोपाल साहू समाज सेवक सुरेन्द्र छाबड़ा तथा ब्राह्मण समाज भाठापारा जिला के अध्यक्ष शरद भृगु उपस्थित रहेंगे। समापन दिवस पर गरबा प्रस्तुतियों, भव्य झांकी, महाआरती एवं पुरस्कार वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महोत्सव का समापन किया जाएगा।

पिपरिया में तीन दिवसीय श्रीराम चरितमानस कथा का आयोजन श्रीरामभक्ति में लीन हुए श्रद्धालु



पिपरिया। नगर पंचायत पिपरिया स्थित श्रीरामजानकी बड़े मंदिर में 9 से 11 अक्टूबर तक तीन दिवसीय श्रीराम चरितमानस कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीराम चरित्रमानस कथा में अयोध्या से पहुंचे पं रामभद्र मिश्रा द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीरामचरितमानस के प्रसंगों का रसपान कराया जा रहा है, कथा श्रवण करने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कथा लाभ ले रहे है। कथावाचक पं रामभद्र मिश्रा ने श्रीरामचरितमानस की चौपाई निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा के माध्यम से बताया कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए मन की निर्मलता आवश्यक है। भगवान श्रीराम को छल-कपट से रहित, निर्मल हृदय प्रिय है। उन्होंने कहा कि जब तक संतों की कृपा प्राप्त नहीं होती, तब तक शाश्वत सुख की अनुभूति कठिन है। जीवन में वास्तविक और स्थायी सुख प्राप्त करने के लिए संतों का सत्संग करना तथा भगवान श्रीराम के नाम का स्मरण करना चाहिए। श्रीराम चरित्र कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण कर रहे हैं। इस अवसर पर हेमंत केशरी, बलदाऊ केशरी, पतिराम चंद्रवंशी, नंदकुमार शर्मा, गेंदलाल केशरी, ओमप्रकाश दानी, लतेल ठाकुर, चितगोविंद केशरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

जागरूकता का संदेश निकाली गई बाइक रैली

कवर्धा। एचआईवी/एड्स के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा समाज में फैली भ्रांतियों और भेदभाव को दूर करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन सूचना, शिक्षा एवं संचार अभियान के अंतर्गत बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता की। बाइक रैली के माध्यम से आम नागरिकों को एचआईवी एड्स से बचाव, सही जानकारी, समय पर जांच तथा जागरूकता के महत्व का संदेश दिया गया। और लोगों को जागरूक किया गया।

शक्ति पीठों के गढ़ कवर्धा में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां पूरी, नवरात्र आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शक्ति पीठों के गढ़ कवर्धा सहित पूरे अंचल में 11 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मां जगत जननी की भक्ति और आराधना में डूबने के लिए समूचा अंचल तैयार है।

मंदिरों में साफ-सफाई और रंग-रोगन के साथ मनोकामना ज्योतिकलश कक्षों को तैयार कर लिया गया है। वहीं, दुर्गोत्सव समितियों ने मां दुर्गा की विभिन्न स्वरूपों वाली प्रतिमाओं की स्थापना के लिए भव्य और आकर्षक पंडाल तैयार किए हैं। दूसरी ओर, महीनों से प्रतिमाओं के निर्माण में जुटे मूर्तिकार उन्हें अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। शक्तिपीठों के गढ़ के रूप में प्रसिद्ध कवर्धा नगर में दुर्गोत्सव को लेकर हर साल खासा उत्साह देखने को मिलता है। नगर के विभिन्न शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं द्वारा नौ दिनों तक बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित कराए जाते हैं।

इसके चलते नवरात्र के दौरान मंदिरों में प्रतिदिन भक्तों का तांता लगा रहता है। पर्व को देखते हुए मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।



आकर्षक पंडालों में स्थापित होंगी देवी प्रतिमाएं

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में दर्जनों दुर्गोत्सव समितियों द्वारा मां आदिशक्ति के विभिन्न स्वरूपों की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। इस वर्ष भी क्वांर नवरात्र पर्व को श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाने की तैयारी की गई है। दुर्गोत्सव समितियों ने प्रतिमाओं को मूर्तिकारों के यहां से पंडालों तक लाने के लिए वाहनों, गाजे-बाजे, पंडितों और पूजन सामग्री की व्यवस्था कर ली है। वहीं, मूर्तिकार भी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, ताकि स्थापना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

नौ दिनों तक भक्तिमय रहेगा माहौल

नवरात्र पर्व की तैयारियों के बीच ग्रामीण अंचलों की कुछ दुर्गोत्सव समितियों ने समय और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शनिवार से ही मूर्तिकारों के यहां से देवी प्रतिमाओं का उठाव शुरू कर दिया है। समितियों द्वारा प्रतिमाओं को पंडालों तक पहुंचाया जा रहा है। रविवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी और इसके साथ ही नवरात्र पर्व की आराधना शुरू हो जाएगी। शारदीय नवरात्र को लेकर कवर्धा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह का माहौल है। मंदिरों में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलन और दुर्गोत्सव पंडालों में देवी प्रतिमाओं की स्थापना के साथ पूरा अंचल भक्तिमय वातावरण में सराबोर होगा। श्रद्धालु नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

समाधान : बढ़ाई गई गन्ने की बोनस राशि, किसानों ने बताई बड़ी जीत

5 मांगों पर बनी सहमति, फिलहाल किसान संघ का आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गत 8 अक्टूबर से कवर्धा में प्रारंभ भारतीय किसान संघ का चक्काजाम आंदोलन बीते 9 अक्टूबर की रात मांगों को लेकर प्रदेश सरकार से मिले आश्वासन के बाद फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। करीब 38 घंटे तक चले इस आंदोलन के अब समाप्त होने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

बताया जाता है कि शनिवार की सुबह से ही आंदोलनकारी किसानों ने कवर्धा एंट्री के सभी मार्गों से चक्काजाम समाप्त कर दिया और मार्ग खोल दिए। ठीक नवरात्र पर्व प्रारंभ होने से एक दिन पहले किसानों द्वारा लिए गए इस फैसले के बाद जिलेवासियों सहित कवर्धा के व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। गौरतलब है कि भारतीय किसान संघ के बैनर तले जिलेभर के हजारों किसान अपनी करीब दर्जनभर मांगों को लेकर सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर गत 8 अक्टूबर को सड़क पर उतर आए थे और उन्होंने सुनियोजित ढंग से जिला मुख्यालय कवर्धा के सभी एंट्री पॉइंटों को चिन्हांकित करते हुए यहां ट्रैक्टर-ट्रॉली अड़ाकर मार्ग बंद कर दिए थे।

किसानों के इस आंदोलन और चक्काजाम का इतना व्यापक असर दिखाई दिया कि कवर्धा के आसपास संचालित कई निजी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। देखते ही देखते हालात इतने बदतर होने लगे कि न तो कोई वाहन कवर्धा के भीतर आ पा रहा था और न ही कोई कवर्धा से बाहर जा पा रहा था। 8 अक्टूबर की सुबह से निर्मित हुई यह स्थिति 9 अक्टूबर को तब और बिगड़ती दिखाई दी, जब कवर्धा में साग-सब्जी, दूध जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की सेवाएं प्रभावित होने लगीं।

इन हालातों और 11 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले नवरात्र पर्व ने व्यापारियों की चिंता भी बढ़ा दी और कैट का एक प्रतिनिधिमंडल आंदोलन समाप्त कराने की मांग को लेकर प्रशासन तक पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ किसान संघ अपनी मांगों को लेकर अड़ा रहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका आंदोलन जारी रहेगा। किसानों के इस रुख और एक प्रकार से बीते कई घंटों से हाईजैक हो चुके जिला मुख्यालय कवर्धा के हालातों को देखते हुए शासन-प्रशासन के हाथ-पांव भी फूलने लगे।

वोट की राजनीति के चलते किसानों पर सख्ती नहीं की जा सकती थी और सभी मांगों को तत्काल पूरा कर पाना भी शासन-प्रशासन के बूते में नहीं था। ऐसे में 9 अक्टूबर की देर शाम को भारतीय किसान संघ के एक प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को शासन द्वारा वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया और काफी समय तक चली चर्चा के बाद किसान संघ और शासन के बीच पांच मांगों को लेकर सहमति बन गई। लेकिन इसके बाद भी कवर्धा के किसानों ने आंदोलन समाप्त करने का ऐलान नहीं किया। इस संबंध में भारतीय किसान संघ कवर्धा के पदाधिकारियों का स्पष्ट कहना था कि वे 10 अक्टूबर की सुबह संघ की बैठक आयोजित करेंगे और बैठक के बाद निर्णय लिया जाएगा कि आगे क्या करना है।

इसे गनीमत ही कहें कि तमाम हालातों और परिस्थितियों को समझते हुए किसानों ने शासन द्वारा स्वीकृत की गई पांच मांगों पर सहमति जताते हुए अपना आंदोलन और चक्काजाम 10 अक्टूबर से स्थगित करने का ऐलान कर दिया और सभी बंद मार्गों को खोल दिया गया।



इन मांगों पर सरकार व किसानो की बीच बनी सहमति

भारतीय किसान संघ के मुताबिक शासन ने उनकी प्रमुख मांग गन्ने के दाम में बोनस के रूप में वृद्धि कर उसे 425 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है तथा पेराई सत्र 2025-26 में की गई खरीदी का भुगतान भी बढ़े हुए दर पर किए जाने को कहा है। इसके अलावा शासन ने गन्ना फसल को कृषि उन्नति योजना में शामिल करने, एग्रीस्टैक में नंबरदार के पंजीयन के लिए आवश्यक हिस्सेदारी की अनिवार्यता समाप्त करने, धान खरीदी के दौरान प्रति बोरी 40.700 किलोग्राम वजन का नियम पूरे प्रदेश में लागू किए जाने तथा विद्युत विभाग के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग पर सहमति जताई है। इन पांच मांगों के पूरा होने पर किसान इसे अपनी बड़ी जीत मान रहे हैं।

आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है, अभी स्थगित हुआ है : किसान

भले ही किसान पांच मांगों पर शासन के साथ सहमति बनने के बाद सड़क से हट गए हैं, लेकिन किसानों का साफ कहना है कि उन्होंने अपना आंदोलन समाप्त नहीं किया है, सिर्फ स्थगित किया है। शेष मांगों को लेकर उनका आंदोलन आगे भी जारी रहेगा और इस बार वे प्रदेश की राजधानी रायपुर की ओर कूच करेंगे।

गन्ना बोनस में बढ़ोतरी से भोरमदेव कारखाने के 14,961 किसानों को मिलेंगे 24.55 करोड़ रुपए की बोनस राशि

- मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में अब 425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगी गन्ने की खरीदी
- उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से हुई महत्वपूर्ण पहल
- प्रदेश के चारों शक्कर कारखानों के 31,022 किसानों को मिलेगा 51.09 करोड़ रुपए का लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गन्ना बोनस की गणना का आधार 355 रुपया प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 425 रुपया प्रति क्विंटल किए जाने से गन्ना किसानों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से लिए गए इस निर्णय से गन्ना किसानों को बढ़ी हुई दर से बोनस का लाभ मिलेगा। इस निर्णय के फलस्वरूप पेराई सत्र 2025–26 में भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, राम्हेपुर, कवर्धा को गन्ना बेचने वाले 14,961 किसानों को लगभग 24.55 करोड़ रुपए की बोनस राशि प्राप्त होगी।

पेराई सत्र 2025–26 के लिए बोनस गणना में एफआरपी 329.05 रुपए प्रति क्विंटल का आधार लिया गया है। बढ़ी हुई दर के अनुसार 425 रुपए में से एफआरपी घटाने पर किसानों को 95.95 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस मिलेगा। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने में पेराई सत्र 2025-26 के दौरान कुल 25,58,188 क्विंटल गन्ने की पेराई हुई। इस मात्रा पर 95.95 रुपए प्रति क्विंटल की दर से लगभग 24.55 करोड़ रुपए की बोनस राशि बनेगी, जिसका लाभ कारखाने को गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को मिलेगा।

प्रदेश के चारों सहकारी शक्कर कारखानों में पेराई सत्र 2025–26 के दौरान कुल 53,25,120 क्विंटल गन्ने की पेराई हुई है। इस आधार पर प्रदेश के कुल 31,022 गन्ना विक्रेता किसानों को लगभग 51.09 करोड़ रुपए की बोनस राशि प्राप्त होगी। नवरात्रि से पहले राज्य सरकार के इस निर्णय से गन्ना किसानों में हर्ष व्याप्त है। इससे किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा। बढ़ी हुई बोनस राशि से किसानों को खेती की लागत वहन करने, समय पर कृषि कार्य कराने तथा आगामी फसल की बेहतर तैयारी करने में सहायता मिलेगी। इस निर्णय से कबीरधाम जिले के गन्ना किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों ने गन्ना बोनस की गणना का आधार बढ़ाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है। बढ़ी हुई बोनस राशि से किसानों को खेती की लागत वहन करने और आगामी फसल की तैयारी में आर्थिक सहायता मिलेगी।

सर्पदंश से मृत छात्रा के परिजनों को छात्र सुरक्षा बीमा के तहत 1 लाख रुपए का मिला क्लेम



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कांदावानी में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्रा स्व. मंती बैगा की सर्पदंश से हुई असमयिक मृत्यु के पश्चात, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

छात्र सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत छात्रा के पिता कुंवर सिंह बैगा को 1 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंती बैगा की 09 अगस्त 2025 को विषैले सांप के काटने से मृत्यु हो गई थी। इसके पश्चात विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पंडरिया द्वारा छात्रा के दाखिला-खारिज, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, आधार कार्ड और मृत्यु प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कबीरधाम को प्रेषित किए गए थे।

प्रधान पाठक नूतन शुक्ला, विद्यालय परिवार एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के विशेष प्रयासों से छात्र सुरक्षा बीमा की कागजी कार्यवाही तत्परता से पूर्ण की गई। जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम के निर्देशानुसार परिजनों को 1 लाख रुपये का चेक प्रदान कर राहत पहुंचाई गई है।

कबीरधाम जिले की 144 ग्राम पंचायतें की गई टीबी मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्थानीय वीर सावरकर भवन, कवर्धा में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में टीबी मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों एवं मितानिनों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर टीबी उन्मूलन के प्रयासों को जमीनी स्तर से जिला स्तर तक सशक्त बनाने के उद्देश्य से श्रेय जोश टीम' का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में टीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करना तथा जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य एवं जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू सहित जिले के पंचायत प्रतिनिधि, नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं पार्षद, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं सदस्यगण की गरिमामय उपस्थिति रही।

पितृमोक्ष अमावस्या पर विधि-विधान से किया पितरों का तर्पण, दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा सहित कबीरधाम जिले में पितृ पक्ष के समापन अवसर पर शनिवार को पितृमोक्ष अमावस्या श्रद्धा और धार्मिक आस्था के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जातकों ने अपने पितरों की आत्मा की शांति एवं मोक्ष की कामना करते हुए विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और जल तर्पण कर अपने पूर्वजों को विदाई दी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितृ पक्ष में पूर्वजों का स्मरण, तर्पण और श्राद्ध करने का विशेष महत्व है। पितृमोक्ष अमावस्या को पितृ पक्ष का अंतिम दिन माना जाता है। इस दिन उन पितरों के निमित्त भी तर्पण और श्राद्ध किया जाता है, जिनकी तिथि ज्ञात नहीं होती। श्रद्धालुओं ने अपने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए धार्मिक परंपराओं का पालन किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पितृमोक्ष अमावस्या के साथ ही पितृ पक्ष का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों का स्मरण कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और परंपरानुसार पितरों को विदाई दी।

चलेगा विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को अधिक समावेशी एवं अद्यतन बनाए रखने के उद्देश्य से छूटे हुए तथा पहली बार मतदाता बनने वाले युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र क्षेत्र में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा पात्र मतदाताओं की पहचान एवं पंजीकरण की कार्रवाई की जाएगी। विशेष अभियान के अंतर्गत वर्तमान में मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं होने वाले पात्र व्यक्ति अथवा ऐसे व्यक्ति जिनका नाम किसी कारणवश मतदाता सूची से हट गया है, वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

नगर पालिका कवर्धा के अध्यक्ष व व्यापारियों की बीच चर्चा

धार्मिक क्षेत्र के आसपास नही लगेंगी अंडा-बिरयानी की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने क्वांर नवरात्रि को लेकर शहर के अलग-अलग स्थानों पर अंडा, बिरयानी जैसे दुकानो का व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों के साथ एक बैठक आयोजित की।

नवरात्रि के पावन अवसर पर कवर्धा नगर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक भावनाओं की महत्ता को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा आयोजित बैठक में व्यापारियों ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि नवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिर क्षेत्र के आसपास दुकानें बंद रखने एवं निर्धारित स्थल में दुकान संचालित करने निर्णय लिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज अंडा बिरयानी की दुकान लगाने वाले व्यवसायियों के साथ बैठक कर नवरात्रि पर्व में व्यवसाय संचालन को लेकर चर्चा की।

कवर्धा के लोग नवरात्रि के नौ दिनों को पूर्ण पवित्रता और आस्था के साथ मनाते हैं इस हेतु आज उन्होनें बैठक में बताया कि नवरात्रि पर्व हमारे कवर्धा शहर की आत्मा है। धर्म नगरी तथा देवभूमि के रूप में प्रसिद्ध कवर्धा माँ विंध्यवासिनी, माँ महामाया, माँ दंतेश्वरी और माँ सिंहवाहिनी व अन्य देवी-देवताओं का साक्षात वास है।

उन्होनें बैठक में कहा कि नगर के सभी नागरिक माँ दुर्गा के नौ रूपों के दर्शन सात्विक व धार्मिक वातावरण में कर सकें और पूरे नगर का माहौल श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण बना रहे।

नपाध्यक्ष के निर्णय का व्यापारियों ने किया स्वागत



व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इस पवित्र त्यौहार की गरिमा को ध्यान में रखते हेतु अंडा बिरयानी की दुकान नवरात्रि पर्व में मंदिर क्षेत्र के आसपास नही लगाने का आश्वासन दिया। सभी उपस्थित व्यवसायियों ने कहा कि नवरात्रि पर्व पर दुकान लगाये जाने हेतु नगर पालिका द्वारा अस्थायी तौर पर निर्धारित स्थल पर ही दुकान लगाया जायेगा। इस निर्णय से कवर्धा नगर की धार्मिक गरिमा सामाजिक सौहार्द और आस्था की रक्षा हो सकेगी। नवरात्रि के दौरान नगर का वातावरण भक्ति और श्रद्धा से पूर्ण रहेगा। भक्तजन निश्चिंत होकर मंदिर दर्शन एवं पूजा अर्चना में सम्मिलित हो सकेंगे। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ पार्षद संजीव कुर्रे, एल्डरमेन राजेन्द्र सलूजा एवं व्यापारीगण अधिक संख्या में उपस्थित थे।

